दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

वर्ष :-04
अंक:-279
मुरादाबाद
31 January 2025
(Friday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रुपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## महात्मा गांधी की पुण्यतिथिः राष्ट्रपति मुर्मू-PM मोदी ने दी बापू को दी श्रद्धांजलि; राहुल-खरगे ने भी याद किया



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि है। इस अवसर पर पीएम मोदी, राष्ट्रपति मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समेत कई नेताओं बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट तक मौन रखकर उन्हें याद किया। महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथी पर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई दिग्गज नेताओं ने बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुर्मू ने गांधी की समाधि राजघाट पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके अलावा, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और मनोहर लाल खट्टर समेत अन्य नेताओं ने भी गांधी को श्रद्धांजलि दी। साथ ही बापू की याद में दो मिनट का मौन भी रखा गया।पीएम मोदी ने किया एक्स पर पोस्ट- महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथी पर प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि गांधी के आदर्श हमें एक विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। साथ ही उन्होंने अपने देश के लिए शहीद हुए सभी लोगों को भी श्रद्धांजलि दी और उनके बलिदान को याद कियाराहुल गांधी ने दी श्रद्धांजलि- कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने बापू की 77वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर लिखा कि गांधी जी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, वह भारत की आत्मा हैं, और हर भारतीय में आज भी जीवित हैं। उन्होंने आगे लिखा कि सत्य, अहिंसा और निडरता की शक्ति बड़े से बड़े साम्राज्य की जड़ें हिला सकती हैं - पूरा विश्व उनके इन आदर्शों से प्रेरणा लेता है। राष्ट्रपिता, महात्मा, हमारे बापू को उनके शहीद दिवस पर शत-शत नमन।कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने बापू को दी श्रद्धांजलि- महात्मा गांधी की पुण्यतिथी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी बापू को याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आप मुझे बेड़ियों से जकड़ सकते हैं, यातना दे सकते हैं, आप इस शरीर को ख़त्म भी कर सकते हैं, लेकिन आप मेरे विचारों को क़ैद नहीं कर सकते। महात्मा गांधी बलिदान दिवस पर बापू को विनम्र श्रद्धांजलि।उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बापू को किया याद- महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बापू को याद किया। उन्होंने राजघाट पर बापू को श्रद्धांजलि दी। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें मेरी श्रद्धांजलि। गांधी जी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत, जो हमारे सभ्यतागत मूल्य और संस्कृति से प्रेरित थे, न केवल हमारी स्वतंत्रता संग्राम को मार्गदर्शन देते थे, बल्कि उन्होंने दुनिया भर में मानवीय गरिमा, आत्मनिर्णय और स्वतंत्रता के लिए भी कई आंदोलनों को प्रेरित किया। गांधी जी का %स्वदेशी% और %ग्राम स्वराज% का विचार आज भी हमारे समय में बहुत महत्वपूर्ण है। उनकी अनमोल शिक्षाएं और सिद्धांत भारत को लगातार प्रगति, विकास और एकता की दिशा में आगे बढ़ाते रहें।कर्नाटक के डिप्टी सीएम ने भी बापू को किया याद-बापू की पुण्यतिथि पर कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने पुष्पांजलि अर्पित कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी

## संक्षिप्त समाचार

### राजनीतिक हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेंगे, अजित पवार ने बीड में पार्टी कार्यकर्ताओं को चेताया

बीड में बढ़ते जबरन वसूली के मामलों के चलते बीते दिनों सरपंच संतोष देशमुख की हत्या हो गई। इस हत्याकांड के बाद महाराष्ट्र सरकार पर कई सारे सवाल खड़े हो रहें है। इसी बीच डिप्टी सीएम अजित पवार ने बीड में एनसीपी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। साथ ही उन्हें जबरन वसूली मामले में दूर रहने की चेतावनी भी दी। महाराष्ट्र के बीड जिले में जबरन वसूली मामले में हुई सरपंच देशमुख की हत्या ने राज्यभर की राजनीति को गर्म कर रखा है। इसी बीच महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को बीड जिला का दौरा किया। जहां एनसीपी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे विकास परियोजनाओं में जबरन वसूली के प्रयासों में शामिल न हों और हमेशा स्वच्छ चरित्र बनाए रखें। बता दें कि अजित पवार के ये बयान भी सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले के संदर्भ में आया, जिसमें एनसीपी के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को गिरफ्तार किया गया था।पवार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रशासन में किसी भी तरह का राजनीतिक हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसी को भी विकास कार्यों में जबरन वसूली करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर उन्हें इस तरह की गतिविधियों के बारे में पता चलता है, तो वे कड़ी कार्रवाई करेंगे, जिसमें मकोका के तहत कठोर सजा भी शामिल होगी।

## डीजीपी और मुख्य सचिव ने घटना स्थल का किया निरीक्षण, तीन पीसीएस अफसरों की भी हुई तैनाती



उत्तर प्रदेश के DGP प्रशांत कुमार, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और अन्य अधिकारियों ने महाकुंभ जाकर घटना स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आज प्रयागराज आ सकते हैंप्रयागराज के झूंसी के छतनाग में बने टेंट सिटी में आग लग गई। कई टेंट ( पंडाल ) आग की चपेट में आ गए। कोई हताहत नहीं है। कांग्रेस सांसद उज्जवल रमण सिंह कुंभ हादसे में घायल हुए श्रद्धालुओं के लिए योगी सरकार द्वारा की गई इलाज की व्यवस्था से संतुष्ट नजर आ रहे हैं। प्रयागराज से सांसद उज्ज्वल रमन सिंह ने शहर के एक अस्पताल में महाकुंभ भगदड़ में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। उन्होंने डॉक्टरों के अथक प्रयासों की प्रशंसा की और मरीजों की निरंतर देखभाल पर संतोष व्यक्त किया।राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने संगम पहुंचकर संगम स्नान किया। प्रयागराज महाकुंभ भगदड़ पर न्यायिक समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने कहा कि 卐हमें एक महीने के भीतर रिपोर्ट सौंपने की उम्मीद है। कल सुबह हम साइट निरीक्षण के लिए जाएंगे, और हालांकि हम यह नहीं कह सकते कि इसमें कितना समय लगेगा, हम जल्द से जल्द काम पूरा करने की कोशिश करेंगे... बेहतर सटीकता के लिए साइट निरीक्षण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए... इससे पहले कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी.पंजाब के पठानकोट से आए एक तीर्थयात्री ने बताया, 卐तीर्थयात्रियों को प्रशासन से पूरा सहयोग मिल रहा है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ 2025 में भाग लेने के लिए तीर्थयात्रियों का पहुंचना जारी है। जम्मू के कठुआ से आए एक तीर्थयात्री ने कहा, 卐यहां योगी जी और मोदी जी द्वारा परिवहन, भोजन और आश्रय की बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है। यहां की बेहतरीन व्यवस्थाओं को पूरी दुनिया देख रही है।उत्तर प्रदेश के छ्त्रक्कप्रशांत कुमार, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और अन्य अधिकारियों ने महाकुंभ जाकर घटना स्थल का निरीक्षण किया।आयोग की पहली बैठक हुई। आयोग के सदस्य कल प्रयागराज जाएंगे। आयोग कल से जांच शुरू कर देगा। अभी मौके पर काफी सुबूत मौजूद हैं, इसलिए तत्काल जाने का फैसला लिया गया है।महाकुंभ में अब अनुभवी ऑफिसर्स की ड्यूटी लगाई गई। आईएएस आशीष गोयल और भानुचंद्र गोस्वामी को तत्काल प्रयागराज पहुंचने को कहा गया है। 2019 अर्ध कुंभ गोयल और गोस्वामी की जोड़ी ने विजय किरण के साथ मिलकर करवाया था। भानु तब डीएम और प्राधिकरण के वीसी थे। आशीष गोयल तब के इलाहाबाद के कमिश्नर और अर्धकुंभ मेले के प्रभारी थे। पांच और विशेष सचिव रैंक के अधिकारियों को कुंभ भेजा गया है जिनका अनुभव रहा है। डीजीपी प्रशांत कुमार और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर हुई भगदड़ का निरीक्षण करने प्रयागराज पहुंचे। वे वसंत पंचमी के अवसर पर 3 फरवरी को होने वाले तीसरे अमृत स्नान से पहले सुरक्षा व्यवस्था की भी निगरानी करेंगे।

## महाकुंभ में फिर लगी भीषण आग, टेंट सिटी जलकर राख, कोई हताहत नहीं



महाकुंभ मेले मे सेक्टर 22 के छतनाग में स्थित टेंट सिटी में शुक्रवार को आग लग गई। देखते ही देखते दर्जन भर से अधिक टेंट जलकर राख हो गए। यहां पर 40 टेंट बनाए गए हैं। महाकुंभ के सेक्टर 22 छतनाग झूंसी में बने टेंट सिटी में बृहस्पतिवार को आग लग गई। आग लगने नके कारणों का पता नहीं चल सका है। जब तक लोग कुछ समझ पाते आगे ने विकराल रूप धारण कर लिया। टेंट सिटी के दर्जन भर से अधिक टेंट जलकर राख हो गए। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। सूचना पाकर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

## अयोध्या पहुंचीं डिंपल यादव, बोलीं- महाकुंभ हादसा दुर्भाग्यपूर्ण; सरकार बढ़ाए मुआवजा राशि



मिल्कीपुर में रोड शो के लिए डिंपल यादव अयोध्या पहुंचीं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ हादसा दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि मुआवजा राशि बढ़ाई जाए। यूपी के अयोध्या में मिल्कीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सियासत गर्म है। इसी कड़ी में गुरुवार को समाजवादी पार्टी की स्टार प्रचारक सांसद डिंपल यादव रोड शो करने अयोध्या पहुंची। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरकर मीडिया से बातचीत की। इस मौके पर सांसद डिंपल यादव ने कहा कि मिल्कीपुर चुनाव में समाजवादी पार्टी के पक्ष में माहौल है। हम वहां पर भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज करेंगे। प्रयागराज महाकुंभ हादसे पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारी संवेदना उन परिवारों के साथ है, जिन्होंने अपनों को खोया है। ईश्वर से प्रार्थना है कि जो घायल हैं वे जल्द स्वस्थ हों। उन्होंने प्रदेश की योगी सरकार से कहा कि मुआवजे की राशि बढ़ाई जाए। जिनकी मौत हुई है, उनके शव परिजनों को जल्द सौंप दिए जाएं। इसके पहले एयरपोर्ट पहुंचने पर सपा सांसद का पूर्व मंत्री पवन पांडेय, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव और सांसद अवधेश प्रसाद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। सपा सांसद एयरपोर्ट से रोड शो के लिए मिल्कीपुर रवाना हो गई हैं।

## 'प्रयागराज से जितनी जरूरत हो उतनी ट्रेन चलाएं', महाकुंभ में भगदड़ के बाद रेल मंत्री का निर्देश



रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा कि रेल मंत्री वैष्णव ने अधिकारियों को स्थिति पर नजर रखने और योजना के साथ-साथ बढ़ती जरूरतों के हिसाब से ट्रेनों का संचालन करने का निर्देश दिया है। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में हुई भगदड़ के बाद, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को ट्रेन सेवाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रयागराज में यात्रियों की बढ़ती जरूरतों के हिसाब से ट्रेनें चलाई जाएं। रेल मंत्रालय के प्रेस नोट के अनुसार, महाकुंभ में भगदड़ के बाद रेल मंत्री वैष्णव ने यात्रियों की सुविधाओं और ट्रेन संचालन की निगरानी के लिए रेल भवन में स्थापित 24×7 वॉर रूम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ट्रेन सेवाओं की समीक्षा की। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा कि रेल मंत्री वैष्णव ने अधिकारियों को स्थिति पर नजर रखने और योजना के साथ-साथ बढ़ती जरूरतों के हिसाब से ट्रेनों का संचालन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि रेलवे मौजूदा परिदृश्य से उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।पूरे दिन वॉर रूम में उपस्थित रहे रेलवे बोर्ड अध्यक्ष -प्रेस नोट में यह भी बताया गया कि रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार ने ट्रेन संचालन की निगरानी के लिए पूरे दिन वॉर रूम में मौजूद रहकर सुनिश्चित किया कि प्रयागराज से ट्रेन सेवाओं को उच्च प्राथमिकता दी जाए। प्रेस नोट में बताया गया कि मौनी अमावस्या के अवसर पर बुधवार को महाकुंभ के संगम क्षेत्र में हुई भगदड़ में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई और 60 घायल हो गए। रेलवे बोर्ड ने कवच के कार्यान्वयन और कार्यप्रणाली के लिए नियम बनाए- रेलवे के दक्षिण मध्य जोन में 1465 किलोमीटर लंबे मार्ग पर स्वचालित सुरक्षा प्रणाली ( एटीपी ) कवच को तैनात करने के दो साल बाद रेलवे बोर्ड ने इसे 1989 के रेलवे अधिनियम में शामिल कर लिया है। साथ ही इसकी कार्यप्रणाली के लिए नियम बनाए हैं। कवच को जुलाई, 2020 में राष्ट्रीय एटीपी प्रणाली के रूप में अपनाया गया था। इसे पहली बार 2023 में दक्षिण मध्य रेलवे में 1465 किमी मार्ग पर तैनात किया गया था। सुरक्षा विशेषज्ञों ने कहा कि इस तैनाती से इसकी कार्यप्रणाली और अनुकूलन के बारे में समझ विकसित करने में मदद मिली। इससे इसके कार्यान्वयन के लिए नियम बनाने में सहायता मिली है। सरकार ने 2 जनवरी को एक गजट अधिसूचना के माध्यम से, रेलवे अधिनियम 1989 में संशोधन करके कवच को परिभाषित किया गया। बोर्ड ने कवच परिचालन क्षेत्र में इसकी कार्यप्रणाली और सुरक्षा विभाग की भूमिका के बारे में अलग से नए नियम बनाए।

## अब आएगा भारत का अपना एआई, केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताई डेडलाइन

भारत सरकार लगातार एआई रिसर्च और इंफ्रास्ट्रक्चर में इन्वेस्ट कर रही हैं, इस इन्वेस्टमेंट का मकसद विदेशी एआई मॉडल पर निर्भरता को कम करना है।अमेरिका और चीन के बाद भारत भी अपना जेनेरेटिव एआई मॉडल बनाने की तैयारी कर रहा है। चैट जीपीटी और डीपसीक की ही तरह भारत भी अपना एआई मॉडल बनाएगा। हालांकि इसे तैयार होने में करीब 6-8 महीने का समय लग सकता है। दरअसल, जनरेटिव एआई असल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का एक वर्जन है। जनरेटिव एआई मशीन लर्निंग मॉडल की मदद से प्रॉम्प्ट के आधार पर नया कंटेंट जनरेट करता है। यह कंटेंट टेक्स्ट, इमेज, वीडियो के तौर पर जनरेट होता है।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ओडिशा में आयोजित उत्कर्ष कॉन्क्लेव में कहा कि, इंडिया एआई कंप्यूटर फैसिलिटी के पास 18,693 जीपीयू हैं। इसकी मदद से एक लार्ज लैंग्वेज मॉडल ( एलएलएम ) तैयार किया जाएगा। यह खास तौर पर भारतीय लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया जाएगा। हमारा मानना है कि ऐसे 6 बड़े डेवलपर्स हैं जो इस काम को 6-8 महीने में पूरा कर सकते हैं। अगर चीजें बेहतर रहीं तो इसके 4-6 महीने में भी पूरा होने की उम्मीद हैं। एक कॉमन कंप्यूट फैसिलिटी मजबूत एआई इकोसिस्टम बनाने के लिए बेहद जरूरी है।

संपादकीय Editorial

# Uniform Civil Code implemented

Not just BJP, a basic, ideological agenda of Bharatiya Jansangh has also been implemented. Uniform Civil Code has been legally implemented by the state of Uttarakhand. There are 6-7 more states ruled by BJP, where continuous efforts are being made towards Uniform Civil Code. Good news can also come from there soon. It is not certain when it will happen at the central level.

Uttarakhand has become the first state of the country. BJP's parent party Jansangh had set issues like abolition of Article 370 and legalization of triple talaq as its ideological agenda and did politics on that basis. Construction of Ram temple in Ayodhya was the common agenda of BJP and VHP. RSS has been in favor of driving Bangladeshi infiltrators out of the country. If seen, these are the ideological issues of Sangh Parivar. Prime Minister Modi has made those issues a reality, of course he wants to follow Uniform Civil Code state-wise.

This is a defensive posture so that communal chaos does not erupt across the country and there is no need for riots. The initiative taken by Uttarakhand has also been immediately opposed by 'Jamaat-e-Hind' and has considered the Uniform Civil Code as an interference in the religious rights of Muslims.

They have also announced to challenge this legal system in the Supreme Court. However, Uniform Civil Code is not a 'Sanghi system'. Our ancestors who made the Constitution had contained this provision in Article 44 that the Central or State Governments must make efforts to implement the Uniform Civil Code. The Supreme Court of the country has also expressed its support on some occasions. So this basic conclusion is certain that implementing the Uniform Civil Code is not illegal and unconstitutional. This has not been decided by the BJP government alone, but discussions were held with 2.35 lakh people under the leadership of Justice Ranjana Prakash Desai, who has been a judge of the Supreme Court.

Only after that process, a draft of 740 pages came out. It was passed in the Assembly, then the Governor gave his assent and was approved by the President on March 12, 2024.

There is still scope for discussion. It is clear that under the Uniform Civil Code, provision has been made to give equal rights to all people of all religions. Our question is why Scheduled Tribes have also been kept out of it? Tribals are not completely tribals now. They are also well educated, are doing government jobs, there are IAS/IPS officers too.

They are also seeing the new era, the new age. Those tribals who are still illiterate and living a life in the jungle could have been kept out of this law. Anyway, in the Uniform Civil Code, all the arrangements like marriage, divorce, polygamy, child marriage, equal status of son and daughter, legal system of adoption, inheritance, will and live-in can be implemented equally. Uttarakhand has declared 'Halala' as a 'crime' in its law. Sections 63 and 51, cruelty or harassment to women is a crime under Section 69. There is a provision of 10 years of jail sentence for Halala. Anyway, why should the Uniform Civil Code not be implemented across the country?

# Maha Kumbh became a school of management, world's largest human gathering organized

The successful organization of Maha Kumbh is the victory of Indianness. It is a great lesson that one should participate in a sacred work even without any invitation, like countless people do in Maha Kumbh. This is a declaration that along with preserving our spiritual-cultural heritage, we can also provide leadership to the world through technology and management. So far, 12 crore devotees have taken a dip in Maha Kumbh. The spread of this ocean of faith is increasing. It is estimated that more than 10 crore devotees will get the benefit of bathing on Mauni Amavasya. The security of such a huge sea of ??people at one place at one time is a Himalayan challenge for the Uttar Pradesh Police. Our well-organized, well-organized and efficient police is overcoming this challenge easily. For a world struggling with the fear of war and instability, the safe environment and excellent management of this huge festival of humanity is no less than a miracle. This underlines the extraordinary efficiency and unwavering commitment of the Uttar Pradesh Police. Ensuring the service, safety and convenience of more than 45 crore devotees was a big challenge, but under the able leadership of Chief Minister Yogi Adityanath, Uttar Pradesh Police has emerged as a 'champion' in front of this challenge. In the Maha Kumbh, the police has demonstrated its efficiency and excellent working style on various fronts like crowd management, traffic control, disaster management, security operations and public behavior management. This is the reason why leading institutions and universities of the country and abroad are making the management of Maha Kumbh a subject of study. Maha Kumbh has become the largest and most vibrant school of management for the world. Through the safe organization of the world's largest human gathering, the country and the world are once again becoming familiar with the capabilities of safe, well-organized and cooperative Uttar Pradesh. The entire world is surprised by the beautiful, modern and neo-digital form of Prayagraj Maha Kumbh. There is complete preparation here to deal with every type of unexpected and unpleasant situation of disaster through world-class modern technology, excellent resources, skilled human resources, program-centric special strategy. 56 police stations, 155 posts, three police lines have been set up in the fair area divided into 10 zones and 25 sectors. About 44,000 civil police, QRT and other special security forces have been deployed. The entire area is being monitored here with more than 2751 CCTV cameras, 22 wireless grids, 233 VMDs. 4,500 strategic duty points have been marked in the fair area, which have been geo-mapped. The fair area has become fireproof with the establishment of 50 fire stations, 20 posts and 50 watch towers and about 7000 fire hydrants installed every 60 meters. There is also special focus on aquatic safety. For river safety, state-of-the-art control rooms have been set up in three police stations of the water police and water ambulances have been arranged for any emergency. 31 flood relief teams are deployed. A four-km floating river line has been built for the movement of boats in their respective lanes. Drone monitoring and continuous river patrolling is being done. Crowd monitoring, crowd density analysis, incident reporting as well as cleanliness and security are being monitored with thousands of AI-equipped cameras. Due to beautiful coordination between many security units including police, administration, army, CAPF, ATS, PAC, NDRF, SDRF, NSG, the water, land and sky of Maha Kumbh city has become an impenetrable fortress. This is the reason that from transportation to worship, from devotees to tourists, from bathing to meditation, from religious leaders to householders, from traders to ascetics, all are irrigated with the pleasant feeling of service and security. More than 45 crore devotees are estimated to arrive in Maha Kumbh. This number is more than the total population of the continent of South America. In such a situation, in the gathering of more people at one place than the population of many countries of the world, no person has complained of misbehavior by the police personnel, which is a live and excellent example of 'Mitra Police'. For this, before the start of Maha Kumbh, the police personnel were trained on soft skills by senior police officers who had served in the previous Maha Kumbhs and the country's top expert institutions. Just as in Maha Kumbh, all the devotees forget caste, creed, opinion, difference of opinion and bathe in the triveni of unity, equality, harmony and experience 'Ek Bharat-Shrestha Bharat', similarly all the dedicated personnel of UP Police take a dip in the 'ocean of thoughts' of Indianness and give a live form to the sentiment of 'Nation First'. Uttar Pradesh Police is the reflection of the soul of that India, which stands on the pillars of unity, tolerance, dedication and devotion to duty. The successful organization of Maha Kumbh is the victory of Indianness. This is a big lesson that one should participate in a sacred work even without any invitation, just like countless people do in Maha Kumbh. This is a declaration that along with preserving our spiritual-cultural heritage, we can also provide leadership to the world through technology and management. To interact with many such nectarine thoughts, to experience the divine multifaceted shades of Sanatan culture, to take a dip in the ocean of unity, do visit Maha Kumbh.

# Western civilization on the verge of decline, signs of changing circumstances

Certainly, the outcome of the future is not certain in advance. Any small element can come forward and become decisive at any time or any unexpected new element can upset all the predictions, but what are the various indicators pointing towards in various fields for decades? Be it political-diplomatic or educational-intellectual or demographic, all the facts are in front for assessment. One and a half years ago, the attack of 'Harkat al-Muqawamatul Islamiya' i.e. Hamas on Israel continued for a long time like a war. European powers remained inactive or ineffective in this. This is a sign of changing circumstances. Six decades ago, four Arab countries attacked Israel and all four had to face defeat in a week. Now the situation is that not a country, but an Islamic organization devoid of formal power has troubled Israel. There has still been a ceasefire, there has been no victory or defeat, while war technology has been refined in these decades. This development shows the possibility of Europe-West falling behind and ultimately falling in front of Islamic politics. Fifty years ago, the great Russian writer Solzhenitsyn found the mental and moral condition of the West to be surprisingly weak. He felt that modern Europe has moved away from the values ??and consciousness that made it great. Now only material comforts are becoming the main motivation. Such a society will be ready to kneel in front of any formidable challenge. Time proved him right to the letter. Two decades ago, Italian-American journalist Oriana Fallaci wrote from her long experience in books like 'Rage and Pride' and 'Force of Reason' that Europe is dying. It has 'sold' its prestige to Arab oil and has become confused. As a result, Islamic dominance is increasing there in both external and internal forms. Recently, American scholars Bill Warner and Richard Benkin found the same thing after a long research of the events in Europe-America and Bangladesh-India. According to Jihad historian Robert Spencer, most of the European countries will collapse, and there will be sporadic resistance here and there. Recently Spanish writer Alvaro Penas has written that the fear of Israel's eventual destruction is real. The European and American political and intellectual class is a bit indifferent towards this. It has not even understood that after Israel, it will be the next one. The same is the situation of the Indian political class regarding the gradual destruction of Hindus in Bangladesh. It is unable to see simple facts. Benkin had warned about this years ago in his research book 'A Quiet Case of Ethnic Cleansing'. He said that the next step of the destruction of Hindus in Bangladesh will be the defeat of Hindus in India and Christians in Europe. Many Muslim leaders and writers have also been saying this in different ways. Those concerns, warnings, claims have never been factually refuted. Those things are ignored by calling them 'extremist'. If someone draws attention, most intellectuals laugh that is it possible, but they do not answer any facts, figures, details, conclusions drawn from them. Sri Aurobindo had said in 1940 itself that if Muslim demands are accepted, then Hindus will be wiped out from Kashmir. At that time also, all our influential leaders and intellectuals considered it absurd. To turn away from bitter truths and remain in the immediate comfortable position with the help of their own imaginary arguments has been the way of the European or Indian political and intellectual class. Israel, Bangladesh or even in India, Kashmir, Bengal etc. areas are clearly showing the real situation, but the political-intellectual class shies away from even giving a formal, verbal protest against it. On the contrary, a woke type of intellectual class is always engaged in blaming the oppressed and giving shelter to the oppressors. Woke pressure on American universities and social organizations is also an indication of the same. Last year, an order was issued in Oregon, America that to pass high school, the ability to read well or to do addition-subtraction of simple mathematics is no longer necessary. Woke intellectuals are against many subjects of knowledge like mathematics, history, philosophy, classic literature etc. They consider these subjects to be 'racist'. They do not see Jihad as a global phenomenon. As a result, instead of Hamas, they call Israel evil. In the same sequence, they blame the American and Indian governments. They insult writers and journalists who tell the truth by calling them racists, hate mongers, etc. They deny the existence of any Jihad by citing the example of gentlemen Muslims. On the contrary, they support or remain silent on Islamic organizations that want to destroy Israel. This understanding has a greater influence in Western intellectualism and influential media. Nowhere is special notice taken of global Jihad, except in the form that innocent Muslims are harassed under this pretext. Jihadi attacks have killed millions of non-Muslims all over the world in the last sixty years alone and also killed Muslims who seemed to be an obstacle in this task, but this fact is missing in mainstream media and educational discussions. Jihad is completely missing in the teaching of history, politics or literature. In such a situation, it is no wonder if the new generations are not familiar with the reality! The leading intellectual political class of the western civilization wants to avoid uncomfortable situations like an ostrich and see everything as normal. Indian leaders and intellectuals have mostly been blind followers of the west. So they give importance to pleasant lies instead of sad truth. This has been going on for decades. Then how long will the goat's mother remain safe? It will convince. Of course, the outcome of the future is not guaranteed in advance. Any small element that seems small at present can come forward and become decisive at any time or any unexpected new element can upset all the predictions, but what are the various indicators pointing towards in various fields for decades? All the facts in political-diplomatic or educational-intellectual or demographic are in front for assessment.

# दो पक्षों में संघर्ष, पथराव में अधिवक्ता समेत आठ जख्मी

मुरादाबाद- कटघर थाना क्षेत्र में फिर संघर्ष हो गया। इस मर्तबा गांव भैंसिया में मामूली सी बात पर दो परिवारों में संघर्ष हुआ है। पत्थरबाजी और लाठी-डंडों से करीब आधा घंटे तक मारपीट होने से गांव में अफरा-तफरी मच गई। संघर्ष में अधिवक्ता के परिवार के आठ लोग जख्मी हो गए हैं जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं। आरोप है हमलावरों ने किशोरी को अगवा करने का प्रयास भी किया था। पुलिस के मुताबिक भैंसिया गांव में रहने वाले अधिवक्ता हनीफ के भाई इकबाल शाम को घर लौट रहे थे। बाइक की झपट गांव के लड़के को लग गई थी। इसी बात से विवाद इतना गहराया कि मारपीट होने लगी और पथराव भी हुआ। आरोप है कि मुश्ताक के पुत्रों शमशाद आदि ने साथियों के साथ मिलकर अधिवक्ता हनीफ के भाई इकबाल के घर पर धावा बोल दिया। हमलावरों ने पथराव किया और फिर घर में घुसकर लाठी-डंडों से परिवार की महिलाओं पर भी हमला कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक करीब आधा घंटे तक संघर्ष होता रहा। पथराव होने पर क्षेत्रवासी भागकर अपने घरों में घुस गए। गांव के लोगों ने पुलिस को सूचना भी दे दी थी। पुलिस के पहुंचने पर इबले पक्ष के हमलावर मौके से भाग निकले। इकबाल पुत्र हसनैन ने थाने में दी तहरीर में अवगत कराया है कि हमलावर घात लगाकर बैठे थे। शमशाद और मोहसिन ने तमंचा तानकर उसे रोका और मारपीट शुरू कर दी। वह बचाव के लिए घर की तरफ भागा तो इन्होंने साथियों के साथ लाठी-डंडों और सरियों से हमला किया। हमलावर घरों में घुस आए उनकी दो नाबालिग किशोरी के साथ बदतमीजी करने के लिए कमरे बंद करके कपड़े भी फाड़ दिए थे। उन्होंने शमशाद व मोहसिन के साथ मुनाजिर, नवाब, आसिफ, इरफान, जुबैद, अरमान, खुशबू आदि पर हमला करने का आरोप लगाया है। चौकी काशीपुर तिराहा प्रभारी सोमपाल सिंह ने कहा है कि मामूली बात पर संघर्ष करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इकबाल पक्ष की तहरीर मिल गई है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में पुलिस अपनी तरफ से भी बवाल करने की रिपोर्ट कराएगी। इसके लिए पुलिस टीम हमलावरों की पहचान कर रही है। उन्होंने कहा है कि अब तक दस हमलावरों की पहचान हो चुकी है। इस बीच अधिवक्ता हनीफ समेत हमले में जख्मी इकरार, भूरी, सीमा, फैजान, रुखसार, आजम, जुल्फिकार का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया है।



# महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

## महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय चौमुखा पुल पर राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

मुरादाबाद- महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय चौमुखा पुल पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष अनुभव महरोत्रा ने और संचालन सेवादल अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने किया। सभी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि और श्रद्धासुमन अर्पित किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। महानगर अध्यक्ष अनुभव महरोत्रा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को देश की जनता अहिंसा,सत्य और सामाजिक न्याय की विरासत के लिए याद करती है। उन्हें दुनिया बापू के नाम से जानती है और उनके विचार और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेती हैं। बापू के विचार आज भी देश वासियों को याद हैं। 30 जनवरी महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर हम उस महान आत्मा को याद करते हैं जिन्होंने अपना जीवन देश की स्वतंत्रता और समाज की एकता के लिए समर्पित किया। महात्मा गांधी ने हमें सत्य,अहिंसा और सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने हमें सिखाया कि सच्ची शक्ति अहिंसा में है और हमें अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए कभी भी हिंसा का सहारा नहीं लेना चाहिए। उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने से हम एक बेहतर व्यक्ति बन सकते हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। हम महात्मा गांधी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और उनके सपनों को पूरा करने के लिए काम करें। श्रद्धांजलि सभा में महानगर अध्यक्ष के अलावा अनुराग शर्मा, पीसीसी सदस्य एडवोकेट आनंद मोहन गुप्ता,अमित गगनेजा, मो. शादान, अब्दुल रऊफ, सिराज अंसारी, लईक पाशा, जाकिर पहलवान, आलोक खन्ना, जमील अहमद, मो. अशरफ,रफी अंसारी, परवीन आदि मौजूद रही। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर राष्ट्रपिता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद व अन्य ।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने किया नमन-मुरादाबाद। जिला कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरुवार को पार्टी के गुरहट्टी कार्यालय पर जिला इकाई के पदाधिकारी इकट्ठा हुए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनसे जुड़े संस्मरणों व आजादी की लड़ाई में उनके योगदान को वैश्विक स्तर पर अद्वितीय बताया। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि देश का दुर्भाग्य है कि आज गोडसे समर्थकों की सत्ता है। गांधीजी के सत्य व अहिंसा के सिद्धांतों पर इनका विश्वास नहीं है। सभी ने इस दौरान महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान अफजल साबरी, दर्शन लाल थरेजा, सतीश दिवाकर, राजेन्द्र वाल्मीकि, अनवर अली, जुनैद पार्षद, मंगलसेन, बन्ने पहलवान, गौरव त्रिवेदी, बब्बन अब्बासी, तस्लीम सिद्दीक़ी आदि मौजूद रहे।




# प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में उमड़ी यात्रियों की भीड़, सीट के लिए मारामारी

## दैनिक ट्रेनों के बाद स्पेशल ट्रेनों में चल रही वेटिंग, जरूरत पर ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

मुरादाबाद- प्रयागराज में महाकुंभ में स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। जिसके चलते प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में सीट के लिए मारामारी है। योगनगरी और देहरादून से संचालित और मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली तीन नियमित ट्रेनों में कई दिनों तक नो रूम की स्थिति है। माघ माह में महाकुंभ जाने को यात्री अब स्पेशल ट्रेनों का सहारा ले रहे हैं। हालांकि स्पेशल ट्रेनों में भी अभी से वेटिंग चल रही है। देहरादून, भटिंडा, फिरोजपुर से फाफामऊ के लिए अलग-अलग दिनों में चलने वाली स्पेशल ट्रेनों में भी वेटिंग लिस्ट है। मौनी अमावस्या पर संगम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से हुई भगदड़ को लेकर रेल प्रशासन चौकन्ना भी है। सहारनपुर से नौचंदी, देहरादून से लिंक व योगनगरी से चलने वाली प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेनों में नो रूम की स्थिति है। स्लीपर व एसी कोच एक भी दिन पूरी तरह से खाली नहीं है। कोच लगातार रिग्रेट है। नियमित ट्रेनों में मारामारी देख अब श्रद्धालुओं का रुख स्पेशल ट्रेनों की तरफ मुड़ा है। रेल मुख्यालय ने प्रयागराज में भारी भीड़ का अनुमान लगाते हुए उत्तर रेलवे के विभिन्न मंडलों से स्पेशल ट्रेनों को शेड्यूल तैयार किया है। मुरादाबाद से होकर चलने वाली लगभग 15 ट्रेनें हैं। भीड़ के दबाव से स्पेशल ट्रेनें भी पैक होने लगी हैं। फिरोजपुर से चलने वाली स्पेशल ट्रेन ( 04612 ) में 8 व 22 फरवरी को अभी से वेटिंग है। आठ को स्लीपर में 63 व 3 एसी में 55 वेटिंग है। भटिंडा से आठ फरवरी को चलने वाली स्पेशल में स्लीपर में वेटिंग 144 पहुंच गई है। 3 एसी में 42 वेटिंग। इसी ट्रेन में 18 फरवरी को स्लीपर में 96, 3 एसी में 22 वेटिंग है। दिल्ली से 8 व 16 फरवरी को संचालित होने वाली स्पेशल ( 04066 ) में 8 को 93 व 9 फरवरी को 66 वेटिंग है। अंब अडूरा से फाफामऊ के लिए संचालित ट्रेन ( 04528 ) 16 फरवरी को स्लीपर कोच में 77 व 3 एसी में 30 वेटिंग चल रही है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता के अनुसार नियमित ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए स्पेशल ट्रेनें चल रही हैं। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त कोच लगेंगे।



# नगर निगम की टीम ने बुध बाजार क्षेत्र में सड़क की पटरियों पर से हटवाया अतिक्रमण, व्यापारियों ने की नोकझोंक

## सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों व फुटपाथ पर रखे सामानों को नगर निगम की टीम ने जब्त कर उठवाया

मुरादाबाद- नगर निगम की टीम ने गुरुवार को बुध बाजार क्षेत्र में सड़क की पटरियों पर से अतिक्रमण हटवाया। टीम में शामिल अधिकारियों से कुछ व्यापारियों ने नोकझोंक भी की। लेकिन अधिकारियों ने उन्हें समझाकर काम में बाधा न डालने की चेतावनी दी। नगर निगम के अपर नगर आयुक्त प्रथम व स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एसीईओ अतुल कुमार, अपर नगर आयुक्त द्वितीय व अतिक्रमण हटाने के अभियान के नोडल अजीत कुमार व प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही आदि टीम के साथ बुध बाजार क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने सुपर बाजार व आसपास के क्षेत्र से फुटपाथ पर से अतिक्रमण हटवाना शुरू किया तो कई व्यापारियों ने नोकझोंक भी किया। अधिकारियों ने दो टूक कहा कि पहले पर्याप्त समय दिया जा चुका है। अब मनमानी नहीं चलेगी। हर हाल में फुटपाथ खाली करना होगा। इसके बाद टीम में शामिल नगर निगम के कर्मचारियों व प्रवर्तन दल ने सड़क पर खड़े वाहनों और फुटपाथ पर फास्ट फूड आदि के स्टालों को उठाकर नगर निगम के वाहनों में लादना शुरू कर दिया। इस पर अफरा तफरी मच गई। लोग अपने दोपहिया व चार पहिया वाहन हटाने और सामान समेटने में जुट गए। टीम ने सड़क पर बेतरतीब खड़े दोपहिया वाहनों को उठवाकर कर निगम के वाहन पर लाद लिया। अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार ने कहा कि बुध बाजार क्षेत्र में स्मार्ट सिटी की ओर से फुटपाथ निर्माण और सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया है। इस पर भी व्यापारियों ने अतिक्रमण कर सामान रखकर और स्टाल लगातार आवागमन बाधित कर दिया है। जिसे नागरिकों और व्यापारियों को भी असुविधा होती है। जिस पर मंडलायुक्त ने भी नाराजगी जताकर फुटपाथ खाली कराने का निर्देश दिया था। जिसके क्रम में कारवाई की जा रही है। व्यापारियों को पहले भी समझाया गया था कि वह सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण न करें इसे हर हाल में हटा लें। जिन्होंने अतिक्रमण नहीं हटाया है उनका सामान जब्त कर जुर्माना भी वसूला जा रहा है। व्यापारियों व अन्य लोगों से अपील की है कि वह अतिक्रमण न करें अन्यथा नगर निगम प्रशासन और कड़ी कारवाई करेगा।



## संक्षिप्त समाचार

### गजब! दिल्ली और कश्मीर की सैर करने निकली थीं लापता दोनों छात्राएं, एक ने दादी में मौत का बनाया बहाना

#### हरियाणा के बल्लभगढ़ से पुलिस ने किया बरामद, बाल विकास समिति ने परिजनों के सुपुर्द किया

मुरादाबाद- कांठ मार्ग स्थित नामचीन कालेज की दोनों छात्राओं को बरामद करके पुलिस बुधवार को ले आई है। छात्राओं का कहना है कि वह दोनों घूमने निकलीं थी और उनका इरादा दिल्ली और कश्मीर घूमने का था। बाल कल्याण समिति ने दोनों छात्राओं को उनके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया है। कांठ मार्ग स्थित नामचीन कालेज में भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव तथा धर्मपुर शेरुआ के पास रहने वाली कक्षा सात की दो छात्राएं मंगलवार को लापता हो गई थीं। छात्राओं के लापता होने पता चलने पर कालेज परिसर में लगे सीसीटीवी खंगाले गए तो खुलासा हुआ कि भोजपुर के गांव में रहने वाली छात्रा जींस-टॉप पहन कर कालेज आयी और रिसेप्शन पर बताया कि सहेली छात्रा की दादी की मौत हो गई, वह उसे लेने आयी है। मौत की खबर सुनते ही कालेज प्रशासन ने गेट पास बना दिया और सहेली भी कालेज से निकल गई थी। स्कूल की छुट्टी होने पर छात्राओं के लापता होने की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई थी। पुलिस की तीन टीमों को सुरागकशी के लिए लगाया था। शाम को छात्राओं की लोकेशन हरियाणा में मिली थी। पुलिस टीम ने लोकेशन के आधार पर फरीदाबाद जिले के बल्लभगढ़ से छात्राओं को बरामद कर लिया। पुलिस ने बुधवार को छात्राओं को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया था। समिति अध्यक्ष अमित कौशल ने बताया कि छात्राओं ने उन्हें बताया कि वह दिल्ली घूमने जा रही थीं। इसलिए दोनों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। महानगर की तीन युवतियां लापता-महानगर के दो थाना क्षेत्रों से तीन युवतियों के घर से गायब हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई हैं। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के चक्कर की मिलक और आशियाना से युवती के गायब होने तथा कटघर इलाके से भी एक युवती के घर से गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### आगरा स्टेट हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई स्कूटी, छात्रा की मौत...बड़ी बहन घायल

मुरादाबाद- बिलारी थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह आगरा हाईवे पर छात्रा की स्कूटी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। सतारन मोड़ के पास हुए हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई। जबकि उसकी बड़ी बहन घायल हो गई है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना बिलारी के गांव सतारन निवासी महेंद्र दिवाकर किसान है। उसकी दो बेटी काजल( 18 ) और अनामिका ( 15 ) बिलारी के प्राइवेट स्कूल की छात्रा हैं। बताया गया कि गुरुवार सुबह दोनों छात्राएं घर से स्कूटी पर कालेज के लिए निकली थी। सुबह करीब 8 बजे गांव के बाहर मुरादाबाद-आगरा हाइवे पर सतारन मोड़ पर पहुंची तभी उनके आगे चल रही ईंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे बेकाबू हुई स्कूटी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टकरा गई। हादसे में दोनों बहनें गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां देखते ही डॉक्टरों ने छोटी बहन अनामिका को मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवा दिया। जबकि गंभीर घायल बड़ी बहन काजल का जिला अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। हादसे में छात्रा की मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा है।



क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# स्वच्छ एवं हरित भारत के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना ने चलाया विशेष अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली ।बरेली कॉलेज बरेली में प्राचार्य प्रोफेसर ओ0 पी 0राय के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई द्वितीय एवं तृतीय के चल रहे सात दिवसीय विशेष जागरूकता शिविर के दूसरे दिन कार्यक्रम अधिकारी डॉ यशार्थ गौतम एवं डॉ बृजवास कुशवाहा के नेतृत्व में स्वयं सेवकों को भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान का संज्ञान देते हुए प्रदूषण मुक्त राष्ट्र बनाने के लिए हरित भारत के सपने को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसके अंतर्गत स्वयंसेवकों को बताया कि क्यूं न हम सभी ऐसे लोगों की श्रृंखला बनाएं जो स्वयं के साथ दूसरों को एवं उनके आस पास के स्थान को कचरामुक्त करके स्वच्छ वातावरण बनाने हेतु जन जन को जागरूक करें, स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है बल्कि सभी लोगों की सहभागिता से अधिक-से अधिक पेड़ लगाने , शौचालय का समुचित उपयोग करने, खुले में कूड़े न फैलाने, प्लास्टिक का उपयोग न करने आदि प्रयासों के द्वारा ही एक स्वच्छ भारत का निर्माण किया जा सकता है। तत्पश्चात् स्वयंसेवकों द्वारा चयनित बस्तियों खुर्रमगोटिया एवं सिकलापुर में जाकर वहां के निवासियों को स्वच्छ भारत अभियान के बारे में अवगत कराते हुए यह आह्वान किया गया कि आप लोगों को अपने दैनिक कार्यों में से कुछ घंटे अवश्य निकालकर अपने आस पास, मोहल्लों में एवं शहर के स्वच्छता संबंधी पुनीत कार्य में भाग लेकर स्वच्छ भारत के पुनीत अभियान को सफल बना सकते हैं जिससे केवल स्वच्छ भारत का ही नहीं अपितु हरित भारत एवं स्वस्थ भारत का भी निर्माण होगा। कुनाल,जयकरण,समीर,अमित कुमार, आदित्य,आलोक,अनुज,मयंक,सुधीर,विनय आदि स्वयंसेवक इसमें सक्रिय रूप से मौजूद रहे।




# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एवियन इन्फ्लूएंजा/बर्ड फ्लू की बैठक हुई सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- एवियन इन्फ्लूएंजा के प्रीवेंशन कंट्रोल एवं कंटेनमेंट में कार्य करने वाली रैपिड रिस्पांस टीम तहसील एवं खण्ड विकास स्तर पर गठित करने के लिए किया निर्देशित मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश की अध्यक्षता में एवियन इन्फ्लूएंजा/बर्ड फ्लू की बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने एवियन इन्फ्लूएंजा/बर्ड फ्लू के प्रीवेंशन कंट्रोल एवं कंटेनमेंट में कार्य करने वाली रैपिड रिस्पांस टीम तहसील एवं खण्ड विकास स्तर पर गठित करने के लिए निर्देशित किया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 ओपी वर्मा द्वारा पशुपालन विभाग, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, फॉरेस्ट विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग द्वारा एवियन इन्फ्लूएंजा के विषय में संबंधित विभाग के विभागीय जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत चर्चा एवं कार्य योजना बनाकर समन्वय स्थापित कर कार्य करने के लिए कहा गया। इस कार्यक्रम में एवियन इन्फ्लूएंजा/बर्ड फ्लू से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं अन्य पहलुओं पर प्रशिक्षण पशु चिकित्साधिकारी देवरनियां डॉ0 के पी सिंह द्वारा पीपीटी के माध्यम से किया गया । बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी ब कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।।




# मुकदमें की पीड़िता ने दरोगा पर लगाए आरोप, एसपी से की शिकायत

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

उरई । कैलिया थाना के अन्तर्गत नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने के मामले में दर्ज मुकदमे की वादिनी व पीड़िता ने थाना कैलिया के एक दरोगा पर तमाम आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। कैलिया निवासी महिला ने एसपी डॉ दुर्गेश कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 17 जनवरी को उसकी नाबालिग बेटी को संगम रायकवार रबिन्द्र पटेल उसके दो साथी बहला फुसलाकर भगा ले गया था और झाँसी में रखकर बेटी के साथ दुष्कर्म किया। और नाबलिग लड़की से घर से जेवर की चोरी करायी। मामले की शिकायत उसने थाने में की तो थाने में पदस्थ एक दरोगा ने 3 दिन टहलाने के बाद रिपोर्ट लिखी लेकिन पॉक्सो एक्ट की धारा नहीं जोड़ी। उसने बेटी की जन्मतिथि से संबंधित प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया, दरोगा ने वह प्रमाण पत्र भी फाड़ डाला। महिला ने आरोप लगाया कि दरोगा ने बेटी पर डॉक्टरी न कराने का भी दबाव बनाया और बेटी से अपने मन मुताबिक बयान करवाए। मामले को लेकर महिला ने एसपी से कार्यवाही किए जाने की मांग की है।




# 19 वर्षीय छात्रा का शव सड़क झाड़ियों किनारे मिला रेप की आशंका

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

उरई । एट कोतवाली क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें बीए प्रथम वर्ष की 19 वर्षीय छात्रा का शव सड़क किनारे झाड़ियों में पाया गया है। परिजनों ने आशंका जताई की दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की गई है। युवती पिछले दो साल से अपने फूफा के घर रहकर पढ़ाई कर रही थी। बुधवार को वह परीक्षा देने के लिए आटा थाना क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर गई थी। उसने शाम को एट से फोन कर यह बताया था कि वह समोसे लेकर घर लौट रही है, लेकिन उसके बाद से वह लापता हो गई। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और पुलिस को सूचित किया। गुरुवार सुबह जब कुछ ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे, तो उन्हें कोंच-एट को जोड़ने वाले अमीटा लिंक रोड पर सड़क किनारे झाड़ियों में छात्रा का शव मिला। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। घटना से इलाके में भय और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोग दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मामले की निगरानी कर रहे हैं और वे मामले का खुलासा करने का आश्वासन दे रहे हैं।एट कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार ने बताया कि छात्रा को शाम को एट कस्बे में देखा गया था। पुलिस फोरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटा रही है और छात्रा के फोन के जरिए भी मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण का खुलासा हो सकेगा। पुलिस इस जघन्य अपराध की तह तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

# थाना बिल्सी पुलिस ने एक शातिर चोर भेजा जेल

क्यूँ न लिखूँ सच

एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत आज थाना बिल्सी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 18/25 धारा 303( 2 ) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त अरविन्द पुत्र जगदीश नि0 मो0न0 3 कस्बा व थाना बिल्सी जनपद बदायूँ को तहसील रोड कस्बा बिल्सी से गिरफ्तार किया गया । जिसकी कब्जे से चोरी किये गये 6000/- रुपये बरामद हुए । रुपये बरामदगी के सम्बन्ध में मुकदमा उपरोक्त में धारा 317( 2 ) क्र्हस् की वृद्धि करते हुए गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला कारागार भेजा गया ।



# थाना बारादरी पुलिस ने दो तस्करों को किया गिरफ्तार, 4.85 करोड़ के नशीले पदार्थ बरामद

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- थाना बारादरी पुलिस ने तस्करों पर कार्रवाई करते हुए दो लोगों पर गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 817 ग्राम कोकीन बरामद की गई है। जिसकी कीमत 4.85 करोड़ रुपये बताई जा रही है। आरोपियों ने बताया कि पंजाब के रहने वाले एक युवक ने दिल्ली में दी थी। इस कोकीन को बरेली में किसी युवक को देनी थी। बारादरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डोहरा रोड पर रोहिलखंड यूनिवर्सिटी के पास से दो लोगों को कोकीन के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान अपना नाम अमरोह के बछारायूं गांव मोहनपुर निवासी 50 वर्षीय चरन सिंह पुत्र चेतराम और बछरायूं के मोहनपुर मंडी धनौरा निवासी 38 वर्षीय राज बहादुर पुत्र धर्म सिंह बताया है। चरन सिंह दिल्ली में ओला कंपनी में कार चलाता है। इस दौरान उसकी जान-पहचान पंजाब के सरनाम से हुई। उसने इस काम में रुपयों का मोटा मुनाफे का लालच देकर काम में शामिल कर लिया। राजबहादुर पर एक अमरोह और एक बारादरी में हुआ है। वहीं चरन सिंह पर बारादरी में दर्ज हुआ है। इसके अलावा इन आरोपियों के पास से पुलिस को 4.85 करोड़ की 817 ग्राम कोकीन, एक स्वीफ्ट डिजायर कार और दोनों मोबाइल बरामद हुए हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पाण्डेय, चौकी प्रभारी रूहेलखण्ड राहुल पुण्डीर, चौकी प्रभारी जगतपुर विवेक कुमार, हेड कांस्टेबल राघवेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र राणा, मो असलम और कांस्टेबल अवनीश कुमार शामिल रहे।



# कोरल मोटर्स क्रिकेट लीग 2025 बी.ए. सनराइजर्स ने बी.ए. नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली ।महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय, बरेली में श्री अग्रसेन क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित कोरल मोटर्स क्रिकेट लीग 2025 का फाइनल मुकाबला बी.ए. सनराइजर्स और बी.ए. नाइट राइडर्स के बीच खेला गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि संजीव अग्रवाल विधायक कैंट, बरेली, कोरल मोटर्स क्रिकेट लीग के प्रायोजक अजय अग्रवाल, महाविद्यालय के प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, क्रीड़ा सचिव गिरीश चन्द्र अग्रवाल, अविनाशी लाल अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, कोरल मोटर्स के डारेक्टर राकेश अग्रवाल, अनंत गुप्ता, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय संयुक्त सचिव डॉ. विजय कुमार सिन्हाल, निदेशक डॉ. प्रवीन अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल, क्रीड़ाधिकारी धीरज अग्रवाल तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। क्रीड़ा सचिव गिरीश चन्द्र अग्रवाल ने इस अवसर पर उपस्थित बैंक आफ बड़ौदा के रीजनल मैनेजर राजकपूर, यस बैंक सिविल लाइन्स, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के पदाधिकारियों , पत्रकार बंधओ, तथा अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया एवं सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। क्रिकेट लीग के प्रायोजक अजय अग्रवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है बल्कि यह आत्मविश्वास अनुशासन और समर्पण का परिचायक है। महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल ने दोनो टीम के खिलाड़ियों को शुभाशीष देते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से ही खेलना चाहिए। फाइनल मुकाबले में बी.ए. नाइटराइडर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बी.ए. सनराइजर्स ने निर्धारित ओवरों में 5 विकेट खोकर 110 रन बनाये और बी.ए. नाइटराइडर्स को 111 रनों का लक्ष्य दिया परन्तु बी.ए. नाइटराइडर्स लक्ष्य का पीछा करते हुये मात्र 68 रन पर आउट हो गयी। मुख्य अतिथि संजीव अग्रवाल विधायक कैंट, बरेली ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि टीम वर्क, नेतृत्व कौशल को भी विकसित करता है। अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल ने कहा हार और जीत खेल का हिस्सा है लेकिन असली जीत अपने कौशल को निखारने और सीखने में है। क्रीड़ा सचिव गिरीश चन्द्र अग्रवाल ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जो युवा खेलो में उत्कृष्टता प्राप्त करते है वे जीवन के हर क्षेत्र में सफल होते है। प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक स्वस्थ्य शरीर और तेज दिमाग ही उज्जवल भविष्य की नींव रखते हैं। विजेता टीम बी.ए.सनराइजर्स को कोरल मोटर्स क्रिकेट लीग 2025 की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया तथा उपविजेता बी.ए. नाइट राइडर्स के खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया। वहीं मैन आफ द मैच का खिताब बी.ए. सनराइजर्स के गौरव को दिया गया। तथा पूरी क्रिकेट लीग में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज संदीप यादव ( बी.ए. सनराइजर्स ), सर्वश्रेष्ठ बॉलर मो. सैफ बी.सी.ए. रॉयल्स, सर्वश्रेष्ठ फील्डर शिवम मिश्रा बी.सी.ए. रॉयल्स को घोषित किया गया। मंच संचालन निशा परवीन ने किया। इस अवसर पर डॉ. के.के. अग्रवाल, डॉ. नीतू शर्मा, डॉ. के.के. मेहरोत्रा, शोभित अग्रवाल, मयंक शर्मा, प्रथमेश कुमार, डॉ. सुमित अग्रवाल, शैलेष गुप्ता, रामलखन आदि का विशेष योगदान रहा।



प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# रिठौरा में चोरों ने मिनी बैंक समेत दो स्थानों पर की चोरी, पुलिस से शिकायत की

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। कोहरे का फायदा उठाकर चोरों ने दिया घटना को अंजाम जानकारी के अनुसार थाना हाफिजगंज के कस्बा रिठौरा के भंडसर रोड स्थित बड़ौदा यूपी बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र के शटर के ताले तोड़कर उसमें रखे लैपटॉप, इन्वर्टर बैटरा, लगभग 35 हजार नगदी आदि सामान को चोर चुरा ले गए।सुबह होने पर जब केन्द्र संचालक वहां पहुंचे तो उनके होश उड़ गए जब संचालक पुष्पेन्द्र पटेल ने शटर के ताले टूटे देखे उन्होंने मामले की सूचना तुरंत रिठौरा चौकी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। वहीं केन्द्र से दो सौ कदम आगे ही कमल गुप्ता की गल्ले की दुकान से भी लगभग 16 चावल के कट्टे चोर चुरा ले गए। उन्होंने भी मामले की लिखित शिकायत की है।




# एंटी क्राइम एंटी करप्शन ट्रस्ट द्वारा लोगों को यातायात हेतु जागरूक किया

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत और यातायात पुलिस अधीक्षक श्री अकमल खान जी के निर्देशन में और राष्ट्रीय स्तर का सामाजिक संगठन एंटी क्राइम एंटी करप्शन ट्रस्ट द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम डमरू चौराहे पर किया गया जिसमें हेलमेट की उपयोगिता, सीट बेल्ट, रेड लाइट, एच एस आर पी, नम्बर प्लेट आदि नियमों के बारे में लोगों को जागरूक किया कार्यक्रम में यातायात पुलिस बरेली से टी एस आई विनीत शर्मा और टी एस आई लखमी चंद और साथ ही कमल जीत सिंह प्रदेश अध्यक्ष ( बरेली जोन ) कुमकुम शर्मा, हेमा बत्रा, सविता शर्मा, भाग्यवती, परवीन, शीबा, रति राम, मोहम्मद सलीम, संजय शर्मा, एडविन आर प्रेम, अनिल कुमार सिंह, शहजिल अंसारी, राजीव सक्सेना, सुशील पॉल, आमिर खान, कासिम ?खान, उपस्थित रहे ।।




# सुभाषनगर के युवक ने अनजान लिंक पर किया क्लिक, क्रेडिट कार्ड से उड़े 3.3 लाख रुपये

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली। साइबर अपराधियों को गिरोह लगातार सक्रिय है, ये लोगों को अलग-अलग तरीके से ठग रहे हैं। दो ऐसे ही मामले सामने आए हैं। जिसमें साइबर अपराधियों ने एक महिला और युवक से लाखों रुपये की ठगी कर ली। पहला मामला सुभाषनगर क्षेत्र का है। युवक ने जैसे ही लिंक पर क्लिक किया तो कुछ ही सेकंड में उसके क्रेडिट कार्ड से 3.03 लाख रुपये उड़ा दिए। वहीं दूसरा मामला आंवला का है, यहां साइबर अपराधी फेरी करने वाले के भेस में आए और महिला को 25 हजार रुपये की चपत लगाकर फरार हो गए। दोनों ही पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट लिखकर कोर्रवाई शुरु कर दी है। सुभाषनगर के इटावा सुखदेवपुर निवासी सुमित कुमार गुप्ता ने बताया नवम्बर माह में शाम उन्हें एक एसएमएस मिला, जिसमें लिखा था कि उनके आरबीएल बैंक क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड पॉइंट एक्सपायर होने वाले हैं और उन्हें रिडीम करने के लिए एक लिंक दिया गया था। जैसे ही उन्होंने लिंक पर क्लिक किया, कुछ ही सेकंड में उनके कार्ड से दो बड़े ट्रांजेक्शन 1,98,000 रुपए और 1,05,000 हो गए। यानि 3 लाख 3 हजार रुपये उड़ा लिए। सुमित ने न किसी को ओटीपी दिया, न ही कोई डिटेल साझा की, लेकिन फिर भी उनके कार्ड से पैसे कट गए। उन्हें शक है कि उनका मोबाइल किसी हैकर ने हैक कर लिया था। जिससे यह ठगी हुई। घटना के तुरंत बाद सुमित ने बैंक और साइबर क्राइम थाना में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब बैंक उनसे रकम की वसूली के लिए दबाव बना रहा है।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# बिहारपुर क्षेत्र को बाल विवाह एवं मानव तस्करी से मुक्त कराना हम सब की जिम्मेदारी - मनोज जायसवाल

क्यूँ न लिखूँ सच

शासकीय नवीन महाविद्यालय चांदनी बिहार पुर में बाल संरक्षण विधिक जागरूकता के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित हुआ। महाविद्यालय के प्रभारी धीरेंद्र कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में एवं मनोज जायसवाल जिला बाल संरक्षण अधिकारी जिला सूरजपुर के मुख्य अतिथि में ,जागेश्वर साहू परियोजना अधिकारी ओडगी एवं कार्तिक मजूमदार के विशिष्ट अतिथि में एवं धीवर जी के अतिथि में सर्वप्रथम विद्या देवी सरस्वती माता के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा बाल संरक्षण विधिक जागरूकता लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण पोस्को बाल विवाह मानव तस्करी नशा छोड़ने बाल भिक्षावृत्ति जे जे एक्ट आदि बहुत से बाल बालिकाओं संबंधी कुरीतियों पर अपने विचार व्यक्त किए गए । कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी के द्वारा बालक बालिकाओं को उन्हें किसी भी तरह से किसी के बहकावे में नहीं आने पर अपने विचार व्यक्त किए गए । महाविद्यालय के प्रभारी जयसवाल जी के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्रा बालक विद्यालय के छात्र और कन्या विद्यालय के छात्राओं को किसी भी तरह से सामाजिक बुराइयों में न आते हुए सिर्फ और सिर्फ अपने जीवन स्तर को अच्छे से बनाने के लिए शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया। महाविद्यालय और विद्यालय के शिक्षकों के माध्यम से भी बाल बालिकाओं के जीवन को संवारने की बहुत से विचारों पर बात की गई। छात्र-छात्राओं के बीच प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम भी कराया गया जिसमें कई छात्र-छात्रा प्रश्नों का सही उत्तर दिया और उन्हें बाल संरक्षण कार्यालय सूरजपुर के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए । कार्यक्रम को सफल संचालन में महाविद्यालय के शिक्षक सचिन कुमार मिंज के द्वारा कार्यक्रम को संचालन करते हुए अपने विचार रखे गए , साथ में पिंटू कुमार गुप्ता सीमा राजवाड़े चंद्रदेव राजवाड़े हरिशंकर ढहरिया अखिलेश तिवारी कन्या विद्यालय के प्राचार्य तिवारी जी उनके साथीगढ़ सभी ने कार्यक्रम सफल बनाया ,कार्यक्रम में बहुत अधिक संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।




# त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगर चुनाव के लिए मतदाता जागरूकता अभियान महाविद्यालय में चलाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच

शासकीय नवीन महाविद्यालय चांदनी बिहार पुर में महाविद्यालय के प्रभारी धीरेंद्र कुमार जायसवाल के अध्यक्षता में मतदान करने के लिए शपथ दिलाते हुए और जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल के मुख्य अतिथि में, जागेश्वर साहू परियोजना अधिकारी के विशिष्ट तिथि में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय चांदनी बिहरपुर के छात्र-छात्रा शासकीय बालक विद्यालय के छात्र एवं शासकीय कन्या विद्यालय बिहरपुर के छात्राओं के उपस्थिति में महाविद्यालय के सभा पक्ष में कार्यक्रम आयोजित कर मतदान के प्रति लोगों का 100त्र रुझान हो इसके लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष उद्बोधन जयसवाल जी के द्वारा शुरुआत की गई जिसमें सभी से यह विनम्र अनुरोध किया गया कि आप सभी अपने परिवार आस पड़ोस के लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें ।मुख्य अतिथि के द्वारा आप सभी में जो मतदान नहीं करने वाले हैं वह घर को संभालेंगे और अपने परिवार और पड़ोसियों से अनुरोध करेंगे कि वह सभी मतदान करने जाएं, विशिष्ट अतिथि साहू जी के द्वारा भी सभी से अपेक्षा की गई कि आप सभी मतदान प्रक्रिया में भाग लेने का पूरा प्रयास करें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक बालक और बालिका विद्यालय के शिक्षक अपने-अपने छात्र-छात्राओं के साथ शामिल होकर मतदाता जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाने में अपनी सफल भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के शिक्षक सचिन कुमारगंज के द्वारा किया गया कार्यक्रम में चंद्रदेव राजवाड़े पिंटू कुमार गुप्ता सीमा राजवाड़े कन्या विद्यालय के प्राचार्य श्री तिवारी जी अखिलेश तिवारी जी उनके साथी शिक्षक एवं कर्मचारी हरिशंकर डहरिया एवं अधिक से अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।




# बेटियों को भी मिले बेटों की तरह समान अधिकार: अपर जिला जज

क्यूँ न लिखूँ सच

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुक्रम में मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के निर्देशानुपालन में गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ द्वारा विधिक साक्षरता / जागरूकता शिविर का आयोजन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय शेखपुर, बदायू में किया गया है। शिविर का शुभारम्भ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शिव कुमारी की अध्यक्षता में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि छात्र-छात्राओं को शिक्षित होना चाहिये व अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिये। इसके अतिरिका गुड टच व बैड टच के बारे में भी बालिकाओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि लडकियां एक घर को ही नहीं अपितु दो-दो घरों को रोशन करती है तथा उन्हें अच्छी शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये साथ ही लड़कों को भी अच्छी सोच और पढाई पर अधिक ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में स्थापित लीगल एड क्लीनिक में अपनी समस्याओं के निराकरण निराकरण हेतु नि:शुल्क विधिक सहायता के सन्दर्भ में आवेदन कर सकते है एवं पोक्सो एक्ट नये तीन कानून, डी.बी. एक्ट आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी साथ ही मारपीट करना ही घरेलु हिंसा नहीं होती है आर्थिक तरीके से भी प्रताडित करना भी घरेलु हिंसा होती है। इनके बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया। सीडब्लूसी व ट्रेफिक नियमों के बारे में छात्राओं को जागरूक किया, इसके अतिरिक्त उनके द्वारा स्त्री-पुरुष सामानता सम्बन्धित प्रावधानों एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं कल्याण सम्बन्धित विधिक प्रावधानों को विस्तृत रूप में बताया गया। इसी कम में उनके द्वारा बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्य उद्देश्य आपके छोटे-छोटे विवादों को समझौते के आधार पर निस्तारित कराना है, जिसके लिए न्यायालय परिसर में मध्यस्थता केन्द्र खुला हुआ है। इस मध्यस्थता केन्द्र के सदस्यों/अधियकताओं द्वारा दोनों पक्षों को बैठाकर समझौता कराया जाता है। जनपद में स्थायी लोक अदालत का गठन हुआ है। जहां से जनउपयोगी सेवायें जैसे बिजली-पानी एवं स्वास्थ के सम्बन्ध में सामान्य जन को अनुतोष प्रदान किया जाता है। इसी कम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं में जो भी जन उपयोगी सेवायें है, उनके सम्बन्ध में कोई विवाद हो तो स्थायी लोक अदालत के माध्यम से निपटारा करा सकते हैं। कार्यक्रम का संवालन महिला कल्याण विभाग से सम्बन्धित वन स्टॉप सेन्टर की मैंनेजर प्रतीक्षा मिश्रा द्वारा किया गया। इसके साथ ही राज्य सरकार / केन्द्र सरकार द्वारा चलायी विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं का स्टॉफ एवं पराविधिक स्वयंसेवकगण व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय शेखूपुर, बदायूं का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मुकद्दमा दायर होने से पूर्व प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौते के आधार पर अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं। इसके उपरान्त शिविर के अध्यक्ष की अनुमति से उक्त शिविर का समापन किया गया।



# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा प्रतापपुर में किसानों को नहीं मिल पा रहा है पैसा मैनेजर के व्यवहार से नाराज है ग्रामीण

क्यूँ न लिखूँ सच


बैंक मैनेजर व स्टाफ कर रहे किसानों से अभद्रता वीडियो बनाकर किसानों ने अपना व्यथा को किया व्यक्त, सोशल मीडिया पर कर रहे वायरस प्रतापपुर छत्तीसगढ़ शासन को ठेका दिखाते हुए अपने मनमानी पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा प्रतापपुर में किसानों के साथ लगातार हो रहे अभद्रता और दुर्भावना से अन्नदाता किसान परेशान जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए जहां किसान सुबह से शाम अपने धन के पैसे लेने की आस में बिना खाए पिए बैंक के बाहर अपनी बारी का इंतजार करते रहते हैं वही जब नंबर आता है तब कुछ ना कुछ गड़बड़ी कर संबंधित स्टॉपो के द्वारा पासबुक व दस्तावेजों को कुछ कमियां निकाकर फेक देते है जिसको लेकर किसान काफी परेशान हैं उनकी व्यथा परेशानी को कोई नहीं सुनने वाला किसानों ने वीडियो के माध्यम से अपनी व्यथा को किया व्यक्त पीड़ित किसानों ने वीडियो ग्रुप में शेयर करते हुए अपने साथ हो रहे परेशानियों को जाहिर किया कह रहे हम पैसे लेने के लिए सुबह से आए हुए हैं और शाम हो जा रहा लेकिन पैसा अभी तक नहीं मिला और आज मिलने का कोई उम्मीद भी नजर नहीं आ रहा !जिसको लेकर हमलोग कई बार बैंक मैनेजर को कहे कि हमारा घर जंगली इलाकों से होकर जाना पड़ता है जो की हाथी प्रभावित है लेकिन बैंक मैनेजर है जिनके कानों में जू तक नहीं रेंगती किसी प्रकार से हम किसानों के साथ हो रहे समस्याओं को लेकर नहीं रहते गंभीर जिससे हम किसानों को यह लगने लगा है कि हमारा कोई नहीं सुनने वाला इसका भरपूर लाभ भी उठा रहे बैंक मैनेजर और उनके स्टाफ लगातार मनमानी करने में आतुर किसानों के सुविधाओं को लेकर शासन प्रशासन के दावे जमीनी स्तर में हो रहे हैं फेल जहां किसानों के सुविधाओं के लिए शासन प्रशासन बड़े-बड़े दावे करती वही जमीनी स्तर पर देखें तो उनके दावों को फेल करने में लगे बैंक मैनेजर और उनके स्टाफ किसानों के लिए बैठने तक की भी नहीं है व्यवस्था प्रतापपुर पर में इकलौता बैंक है जहां आसपास के दूरदराज क्षेत्र के किसान पैसे निकालने आते हैं जिसमें अधिकतर ग्रामीण व वनांचल क्षेत्र के लोग बस से आया करते हैं और बस का समय निर्धारीत रहता है जिससे बस अपने नियति समय में चला जाता है और किसान पैसे लेने की आस में निगाहें टिकाए रहते हैं लेकिन ना तो समय पर पैसा मिल पाता है और ना ही समय में बस मिल पाता इंतजार में ही सुबह से शाम हो जाता है फिर इस कड़कती ठंड में दर-दर भटकने को मजबूर हो जाते किसान आखरि इतने मजबूर क्यों,जो किसान बरसात के सीजन हो या हो गर्मी अपनी मेहनत व पसीने से अन्न कमाकर लोगों का पेट भरा करते हैं क्या ये गुनाह तो नहीं इतनी बड़ी नाइंसाफी और दुर्व्यवहार किसानों के साथ क्यों किसानों ने कलेक्टर साहब से किया कार्यवाही की मांग किसानों ने वीडियो के माध्यम से अपनी पीड़ा को जाहिर करते हुए शासन प्रशासन से मांग किया कि बैंक मैनेजर एवं उनके स्टाफ के खिलाफ कार्यवाही हो हम किसानों से अभद्रता व समय पर पैसा नहीं देते मामले को यदि गंभीरता से संज्ञान नहीं लिया गया और कार्रवाई नहीं किया तो हम किसान बैंक के सामने ही धरना प्रदर्शन जिसके जिम्मेदार शासन प्रशासन होंगे। इस विषय में एसडीएम ललिता भगत ने कहा कि मैं स्वयं जाकर मौके पर देखूंगी तथा बैंक प्रबंधन को फटकार लगाया जाएगा। किसानों को परेशान करना उचित नहीं है।




# नगर में आधा सैकड़ा आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना के लिए प्रस्ताव

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

हमेशा से आंगनबाड़ी केंद्र से अपेक्षित कालपी नगर को इस दिशा में बड़ी सौगात मिलने वाली है। इसके लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तेकारउद्दीन के द्वारा प्रस्ताव तैयार करके शासन को भेज दिये गये हैं। भारत सरकार से मंजूरी मिलते ही कालपी में नगर में आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण की प्रक्रिया तेज हो जाएगी। उल्लेखनीय हो कि बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की उपेक्षित नीति से कालपी नगर में आज तक एक भी आंगनवाड़ी केंद्र न होने से नौनिहालों एवं बच्चों के सामने समस्या बनी हुई थी। जबकि आबादी के हिसाब से उरई नगर के अलग-अलग स्थानों में 179 आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन हो रहा है। इस मामले को संज्ञान में आते ही इलाकै विधायक विनोद चतुर्वेदी के द्वारा मामले को जोर-जोर से उठाया गया। परिणामस्वरूप सरकार के द्वारा कालपी नगर में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना के लिए पहल शुरू हो गई है। इससे पहले कालपी आगमन के अवसर पर प्रदेश की बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री प्रतिभा शुक्ला के समक्ष कालपी नगर विकास समिति के अध्यक्ष अशोक वाजपेई के नेतृत्व में समाजसेवियों ने उपेक्षित कालपी नगर में आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण करने के लिए मांग उठाई थी। इस संबंध में जनपद के जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तेकारउद्दीन ने बताया कि कालपी नगर के 25 वार्डों में आंगनबाड़ी केदो को स्थापित करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। भारत सरकार से मंजूरी मिलती ही इस दिशा में कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई है कि कालपी नगर में जनसंख्या के हिसाब से आंगनबाड़ी केदो की स्थापना की जाएगी। विभागीय नियम के मुताबिक 1000 की आबादी पर एक आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित किया जाएगा। निकट भविष्य में अगर कालपी में आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित होता है तो कालपी के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जायेगी



## संक्षिप्त समाचार

### खचा-खच भरी है काशी : रेलवे स्टेशन-बस स्टैंड सब फुल, घंटों इंतजार में बेबस लोग; सीमा पर रोके गए हजारों वाहन

मौनी अमावस्या के दूसरे दिन पूर्वांचल के वाराणसी, आजमगढ़ और मिर्जापुर मंडल के जिलों में जाम की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में दिखा। वाराणसी में जगह-जगह वाहनों को अस्थाई वाहन स्टैंड में भेजा रहा था। वहीं, जिलों के रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर यात्रियों की काफी भीड़ रही। गलियों का राजा कहे जाने वाले बनारस के रास्ते मौनी अमावस्या के बाद भी ठसे हुए थे। सड़कों पर चारों तरफ जाम में फंसे लोगों ने गलियों का सहारा लेने की कोशिश की लेकिन असफल हो गए। कैंट, बनारस, सिटी, काशी, शिवपुर और सारनाथ स्टेशन पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ दिखी। इन स्टेशनों से लोग या तो काशी विश्वनाथ मंदिर जा रहे थे या गंगा घाट। वहीं, मौनी अमावस्या पर अधिकतर लोगों ने रैन बसेरों में अपनी रात गुजारी। वे लोग गुरुवार की सुबह स्टेशन और रोडवेज बसों को पकड़ने के लिए पहुंचे लेकिन भीड़ होने के नाते काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्टेशन और बस अड्डों पर उन्हें एक बार फिर इंतजार ही करना पड़ा। दूसरी तरफ, दशाश्वमेध का इलाका जाम होने की जानकारी के बाद गोदौलिया, गिरजाघर, लक्सा, गुरुबाग, रथयात्रा, लहुराबीर, चेतगंज से ही श्रद्धालुओं को भेलूपुर और मैदागिन की ओर भेजा जा रहा था। यहां से लोगों को केदार, हरिश्चंद्र, नगवां, पंचगंगा, सिंधिया आदि घाट पर स्नान के लिए भेजा गया। सोनारपुरा, भेलूपुर, कमच्छा आदि इलाकों में बैरिकेडिंग लगाकर वाहन चालकों को डायवर्ट किया गया। इंट्री पॉइंट के पास बने अस्थाई वाहन स्टैंड महाकुंभ के मद्देनजर और मौनी अमावस्या के दूसरे दिन भी बनारस के इंट्री पॉइंट सील रहे। यहां फंसे लोगों का कहना था कि महाकुंभ की तैयारी को लेकर बड़े बड़े दावे किए गए थे, ट्रैफिक व्यवस्था पर तमाम तरीके के प्रतिबंध लगाए गए हैं, रूट परिवर्तित किए गए हैं, यहां तक कि UP65 नंबर के अलावा भारी वाहनों को जिले में आने से रोक लगा दी गई है।

# दमकल स्टेशन पर तैनात चालक ने छत में पंखे के कुंडे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त की

क्यूँ न लिखूँ सच -श्याम जी कश्यप

फर्रुखाबाद के थाना अमृत पुर में स्थित दमकल स्टेशन पर तैनात चालक ने छत। में पंखे के कुंडे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर एसपी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और पड़ताल के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।जनपद मैनपुरी निवासी 50 वर्षीय मुनेंद्र सिंह फतेहगढ़ के अमृतपुर फायर स्टेशन पर चालक के पद पर तैनात था। प्रतापतगढ़ जनपद में तैनाती के बाद 26 जून 2023 को फर्रुखाबाद में तैनाती हुई थी। तब से वह अमृतपुर फायर स्टेशन पर चालक के रूप में तैनात था। गुरुवार को उन्होंने सरकारी आवास पर कमरे के कुंडे में फांसी पर झुकते मिले। सुबह लगभग 11बजे फायरमैन राकेश के द्वारा गेट खोलकर देखा गया तो मुनेंद्र कुमार फांसी पर झूल रहा था। सूचना मिलने पर एसपी आलोक प्रियदर्शी, सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय, फायर सीओ विजय प्रकाश त्रिपाठी,थानाध्यक्ष राजेपुर योगेंद्र सोलंकी आदि पुलिस कर्मी मौके पर पंहुचे। उन्होंने जांच पड़ताल की। एसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टन कराया जा रहा है।



# राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास मोहल्ला पंसारियां जनपद शामली का निरीक्षण किया

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली मुख्य विकास अधिकारी शामली विनय कुमार तिवारी द्वारा आज समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, मौ0 पंसारियान, कस्बा जनपद शामली



का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय श्रीमती रीतू रस्तोगी, जिला समाज कल्याण अधिकारी शामली एवं श्री अनिल कुमार छात्रावास अधीक्षक उपस्थित पाये गये। निरीक्षण में जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को बताया गया कि वर्तमान में छात्रावास में 31 छात्र पंजीकृत हैं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा छात्रावास के पुस्तकालय में पंखे एवं लाईट नहीं पायी गयी एवं खिडकियों के शीशे टूटे हुए पाये गये तथा छात्रावास परिसर का निरीक्षण किया गया जिसमे साफ-सफाई सन्तोषजनक नहीं पायी गयी जिसके सम्बन्ध में जिला समाज कल्याण अधिकारी को पंखे, लाईट एवं खिडकियों के शीशे ठीक कराने के निर्देश दिये गये।जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि छात्रावास में विगत वर्षो से कोई भी सफाई कर्मचारी तैनात नहीं है जिस कारण छात्रावास की सफाई सुचारू रूप से नही हो पा रही है, जिसके लिए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अधिशासी अधिकारी, न0पा0परि0 शामली से सम्पर्क कर एक सफाई कर्मचारी की तैनाती छात्रावास में कराने के निर्देश दिये गये। पानी की निकासी हेतु समुचित व्यवस्था हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पीने के पानी हेतु लगे समरसेबिल का निरीक्षण किया गया, जो संचालित पाया गया। निरीक्षण में शौचालय एवं स्नानागार भी सही पाये गये। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये गये कि छात्रावास में निवासरत् छात्रों को अधिक से अधिक संख्या में विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में नि:शुल्क प्रशिक्षण दिलाये जाने की कार्यवाही की जाये। इसके अतिरिक्त छात्रों द्वारा बतायी गयी अन्य समस्याओं के समाधान हेतु मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकरी को उचित दिशा-निर्देश दिये गये।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा गांधी पार्क में राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माला अर्पण किया

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली आज दिनांक 30 जनवरी 2025 दिन गुरुवार को शामली जनपद के सम्मानित कांग्रेसजनौं द्वारा गांधी पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि



अर्पित कर नमन किपा ।ओमप्रकाश शर्मा ने श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए कहा है कि भारत देश के स्वतन्त्रता आन्दोलन में महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में अनेकों महान सपूतो ने देश की स्वतंत्रता तक संघर्ष कर देश को आजादी दिलाने में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर योगदान दिया, महात्मा गांधी जी के अंग्रेजो भारत छोड़ो नामक आंदोलन ने अंग्रेजो के पैर भारत की धरती से उखाड़ने का काम किया जबकि वास्तविकता यह है कि देश को स्वतंत्र कराने में गांधी का अमूल्य योगदान रहा है वही 1910 के दशक की शुरुआत से 1947 तक का गांधीवादी युग भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण काल ??था। यह मोहनदास करमचंद गांधी, जिन्हें महात्मा गांधी के नाम से जाना जाता है,राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने पूरी दुनिया को सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह, निडरता और सर्वधर्म समभाव जैसे महान मूल्यों का संदेश दिया। आज ही के दिन नफरत की विचारधारा ने गांधी जी और उनके मूल्यों की हत्या का नाकाम प्रयास किया था लेकिन महान विचार कभी मरते नहीं। वे अमर होकर दुनिया को रास्ता दिखाते हैं। आज पूरा विश्व गांधी जी के सत्य, अहिंसा और शांति के संदेश को आत्मसात कर रहा है। बापू के विचार अन्याय के खिलाफ न्याय की हर लड़ाई को मशाल बनकर ताकत देते हैं। मानवता के महानायक को शत-शत नमन।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से वैभव गर्ग ने कहा 77 साल पहले आज के दिन महात्मा को एक कायर ने मार डाला था। मृत्यु ने उन्हें अमर कर दिया। दुनिया के कितने ही संघर्षों को उनसे प्रेरणा मिली। उन पर कोहरे की एक ज़हरीली चादर घेरने की कोशिश आज भी जारी है। लेकिन हम वचन लेते हैं बापू कि उम्र भर उस कोहरे को भेदने का संघर्ष करेंगे।दीपक सैनी पूर्व जिलाध्यक्ष ने बताया कि गांधी का धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित रहा है, सत्य मेरा भगवान है और अहिंसा उसे पाने का साधन।महात्मा गाँधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। बापू के आदर्शों व विचारों ने देश में आजादी व स्वाभिमान की अलख जगाई। अंग्रेजों के अत्याचारों के खिलाफ देशवासियों के अधिकार, न्याय एवं आजाद भारत के लिए उनके द्वारा किए गए सत्याग्रह, त्याग व बलिदान का राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा।सोमदेव चौधरी,प्रवीण तरार,ओमवीर उपाध्याय,योगेश भारद्वाज ने भी अपने विचार रखे लोकेश कटारिया,शेखर पाल ,सुरेंद्र सरोहा,ठाकुर लाखन सिंह,अरविंद झंझोट, डॉ0 श्रीपाल सिंह,सुरेश पाल सैनी,विनोद सैन,रविन्द्र आर्य,सोहिल धीमान एवं विजेन्द्र पाल वर्मा,रोहित मलिक,विकास शर्मा और अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे

## संक्षिप्त समाचार

# गांव खेड़ा मस्तान में एक विशाल श्री हनुमान मेले का आयोजन होने जा रहा है

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली गांव खेड़ा मस्तान बुढ़ाना रोड पर यह काफी वर्षों से 3 दिन का एक विशाल श्री हनुमान मेले का आयोजन होता रहा है इस वर्ष भी 15 16 17 फरवरी को श्री हनुमान एक विशाल मेले का आयोजन होने जा रहा है जिसमें मोनू गोयल का यह कहना है कि यदि भक्तजन तीन दिन तक देसी घी के पांच दीपक जलाने बाबा के सामने जलाने पर भक्त जनों की संपूर्ण मनोकामना पूरी होती है इस मेले में दर्शन करने के लिए भक्तजन दूर-दूर से आते हैं जहां पर भक्त जनों के लिए कदम कदम पर विशाल भंडारे एवं शिविर लगाए जाते हैं जहां पर चाट पकौड़ी कढ़ी चावल मैं अनेकों प्रकार के भक्त जनों के लिए भंडारे की व्यवस्था की जाती है यह भंडारा खेड़ा मस्तान में लगातार तीन दिन निरंतर चलता रहता है

# पीएम आवास योजना के लाभार्थियों द्वारा यदि नहीं कराया गया आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ तो होगी आर0सी0होगी आर0एस0 जारी परियोजना अधिकारी शामली

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली। श्री हामिद हुसैन डिप्टी कलेक्टर/परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण, शामली ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ( शहरी ) के अन्तर्गत जिन लाभार्थियों को आवास निर्माण प्रारम्भ करने हेतु प्रथम किश्त की धनराशि प्रेषित की गयी थी परन्तु अत्याधिक समय व्यतीत होने के उपरान्त भी कुछ लाभार्थियों द्वारा कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया उन समस्त लाभार्थियों को पूर्व में कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण ( डूडा ) की ओर से कार्य प्रारम्भ करने अथवा धनराशि वापस करने हेतु नोटिस जारी किये गये थे। परन्तु 96 लाभार्थियों द्वारा वर्तमान तक भी कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है लाभार्थियों को अन्तिम अवसर के साथ दिनांक 07/02/2025 तक का समय कार्य प्रारम्भ करने अथवा धनराशि वापस किये जाने हेतु दिया जा रहा है यदि इस अवधि के उपरान्त भी लाभार्थियों द्वारा कार्य प्रारम्भ अथवा धनराशि वापस करते हुए डूडा कार्यालय को सूचित नही किया जाता है तो उन सभी लाभार्थियों की आर0सी0 जारी कर दी जायेगी। लाभार्थियों का निकायवार विवरण निम्न प्रकार है। जिसमें नगर निकाय एलम में 10, नगर निकाय बनत में 02, नगर निकाय गढ़ीपुख्ता में 02, नगर निकाय जलालाबाद में 05, नगर निकाय झिंझाना में 08, नगर निकाय कैराना में 30, नगर निकाय कांधला में 19, नगर निकाय शामली में 10, नगर निकाय थानाभवन में 04, नगर निकाय ऊन में 06, अर्थात निकायवार कुल लाभार्थियों की संख्या 96 है। उपरोक्त लाभार्थियों की सूची संबंधित नगर निकाय में चस्पा कर दिया गया है।

# ( एस0 सी0एस0पी ) के अंतर्गत एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली कांधला प्रभारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, शामली श्री जुगल किशोर ने बताया कि आज विकास खण्ड कांधला, तहसील कैराना जनपद शामली में उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विपणन विकास सहायता ( एस0सी0एस0पी ) के अन्तर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई व योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया एवं अभ्यर्थियों को स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा0 श्री विनोद मलिक जी, ब्लाक प्रमुख कांधला, के द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र को मिल रहा है। कार्यक्रम के अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, शामली व समस्त स्टॉफ एवं विकास खण्ड कार्यालय के समस्त सहायक विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# चोरी करने वाला अभियुक्त 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती।पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी इकौना श्री सतीश कुमार शर्मा के पर्यवेक्षण में थाना इकौना जनपद श्रावस्ती पुलिस द्वारा मुकदमा से सम्बन्धित अभियुक्त राजेश कुमार यादव पुत्र केशवराम यादव नि0 साईं बाबा मन्दिर इकौना देहात थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को बड़ी नहर पुलिया ( इकौना से वीरपुर जाने वाली सड़क ) से चोरी गयी वस्तुओं के साथ 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार किया गया। वादी द्वारा थाना इकौना पर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया कि राजेश कुमार यादव पुत्र केशवराम यादव निवासी साईं बाबा मन्दिर इकौना देहात थाना इकौना जनपद श्रावस्ती द्वारा नन्दिनी हास्पिटल साईं मन्दिर के पास भिनगा-इकौना रोड श्रावस्ती के परिसर से कुछ वस्तुओं को चोरी कर ली गयी है। जिसके सम्बन्ध मे थाना इकौना पर मुकदमा राजेश कुमार यादव पुत्र केशवराम यादव निवासी साईं बाबा मन्दिर इकौना देहात थाना इकौना जनपद श्रावस्ती के विरूद्ध पंजीकृत किया गया विवेचना के क्रम मे मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त राजेश कुमार यादव उपरोक्त को गिरफ्तारी करते हुये अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में चोरी गयी 01 मोटर साईकिल नम्बर Py6C3957 रंग काला व 01 लैपटाप व 02 मोबाइल को बरामद कर अभियुक्त राजेश उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया।

# 62वीं वाहिनी एस.एस.बी. ने सीमावर्ती क्षेत्र में ग्रामीणों के लिए पशु चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच -वीरेंद्र कुमार वर्मा

श्रावस्ती।अमरेन्द्र कुमार वरुण, कमान्डेंट 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा के दिशा निर्देशन में एवं डॉ. पूजा फर्स्वाण, उप कमान्डेंट ( पशुचिकित्सा ) क्षेत्रक मुख्यालय के द्वारा सीमा चौकी रनिया पुर के कार्यक्षेत्र रनियापुर गाँव में पशु चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर का उद्देश्य सीमा क्षेत्र




के ग्रामीण इलाकों में पशुपालकों को आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान करना और उनके पशुओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना था। शिविर में डॉ. पूजा फर्स्वाण, उप कमान्डेंट ( पशु चिकित्सा ) एवं वाहिनी की पशु चिकित्सा टीम ने विभिन्न प्रकार के पशुओं की जांच की और उन्हें आवश्यक दवाएं और टीके प्रदान किए। विशेषज्ञों ने पशुपालकों को पशुओं की उचित देखभाल, पोषण और सामान्य बीमारियों की पहचान व उपचार के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। शिविर में लगभग 60 ग्रामीणों के 240 पशुओं को परामर्श के साथ दवाओं का वितरण किया गया और ग्रामीणों ने अपने पशुओं के स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। एस.एस.बी. के इस प्रयास की ग्रामीणों ने सराहना की और इसे एक बहुत ही उपयोगी पहल बताया। इस मौके पर पशु चिकित्सा टीम व् अन्य जवान और भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# खेत किनारे चाभी लगी लावारिस खड़ी ऑल्टो कार देखते ही ग्रामीणों की जुटी भीड़

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती के थाना इकौना क्षेत्र अंतर्गत बैदौरा टंडवा महंथ गांव के



करीब सड़क के किनारे ननके के खेत के बगल लावारिस हालत में खड़ी ऑल्टो कार क्र31 श्व 0125 जिसमें चाबी भी लगी थी देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों की जुटी भीड़ में जब इसकी सूचना इकौना पुलिस को दी तो मौके पर पहुंच देखा तो वाहन पर जिला पंचायत सदस्य भी लिखा था। जिसके बाद कार को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई।

# सिलेंडर लदे ट्रूक व डंपर की भिड़ंत में तीन की दर्दनाक मौत, चार घायल

क्यूँ न लिखूँ सच -श्याम जी कश्यप

जनपद फरूखाबाद - फर्रुखाबाद गैस सिलेंडर लेकर जा रहे ट्रूक व सामने से आ रहे डंपर की आमने-सामने की भिंडत हो गई, जिसमें



दोनों ट्रूकों के चालकों सहित तीन की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने चार घायलों को लोहिया अस्पताल भेजा। कोतवाली मोहम्मदाबाद के बोहरिकपुर के ग्राम कुम्हौली के निकट सुबह लगभग 7 बजे गैस सिलेंडर लेकर जा रहे ट्रूक व बोहरिकपुर की तरफ से आ रहे डंपर की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जोरदार भिड़ंत में 42 वर्षीय चालक अभिमन्यु पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी सकवाई मोहम्मदाबाद, 55 वर्षीय रामकिशोर निवासी नगला बीच, डंपर चालक राहुल पुत्र हरदयाल निवासी दतिया उन्नाव की मौत हो गई, जबकि 25 वर्षीय अक्षय पुत्र सतेन्द्र निवासी छाबंडी मोहल्ला थाना मैनपुरी, मान सिंह पुत्र भाईसाहब निवासी जस्सुआमऊ थाना अकबर पुर जनपद कन्नौज, विपिन निवासी इटावा, व एक अज्ञात युवक घायल हो गया। चारों घायलों को सीएचसी में भर्ती किया गया, जहां से मान सिंह, अक्षय व एक अज्ञात को लोहिया अस्पताल रिफर कर दिया गया। दुर्घटना के दौरान मौके पर जाम लग गया। जिसे पुलिस ने खुलवाया

## आबकारी अधिनियम के 38 मुकदमों से सम्बन्धित 380 लीटर अवैध कच्ची शराब का विधिवत निस्तारण

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती।।जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के दिशा-निर्देशन में प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अपर



पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी नगर संतोष कुमार के नेतृत्व में थाना हरदत्तनगर गिरंट, जनपद श्रावस्ती में बड़ी मात्रा में अवैध कच्ची शराब का विधिवत निस्तारण किया गया।न्यायालय सिविल जज ( अ0ख0 ) जे0एम0 जनपद श्रावस्ती के आदेश के अनुपालन में गठित टीम द्वारा यह निस्तारण किया गया, जिसमें उप जिला मजिस्ट्रेट जमुनहा जनपद श्रावस्ती, क्षेत्राधिकारी भिनगा, जिला आबकारी अधिकारी जनपद श्रावस्ती एवं थानाध्यक्ष हरदत्तनगर गिरंट की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अभियान के अंतर्गत थाना हरदत्तनगर गिरंट पर पंजीकृत 38 मुकदमों से संबंधित 380 लीटर अवैध कच्ची शराब को नियमानुसार नष्ट किया गया।अवैध शराब के विरुद्ध जनपद पुलिस की यह कठोर कार्रवाई अपराधियों को स्पष्ट संदेश देती है कि किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य न केवल अवैध शराब तस्करी को रोकना है, बल्कि इससे जुड़े अपराधों पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है।जनपद पुलिस जनता को यह आश्वस्त करती है कि समाज में शांति व्यवस्था एवं कानून का राज बनाए रखने हेतु इसी प्रकार की कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# Even after marriage, the need for a new partner is felt! Know why the trend of Open Marriage is increasing in India

Marriage is a bond of many births which two people maintain throughout their lives. However, with changing times, many types of changes have started happening in the relationship. With changing times, many trends related to relationships have started coming to the fore.




Open Marriage is one of these which is becoming popular in India these days (open marriage trend in India). Marriage is a lifelong relationship. However, with changing times, changes have started happening in this relationship, which is the reason why the trend of open marriage is increasing rapidly these days. These days, many types of trends related to marriage and relationship are constantly coming into trend. Marriage is a strong relationship, which is considered a bond of births. This relationship is considered more important than all relationships, because to maintain this relationship, two people spend their entire life together and support each other in happiness and sorrow. Usually marriage is considered a relationship of dedication and trust, but these days a new concept related to marriage is becoming very popular. We are talking about open marriage (what is open marriage), which is becoming popular among many couples in India after abroad. In such a situation, to know more about this new concept, we talked to senior psychologist Monica Sharma. Let's know the information related to open marriage (open marriage trend in India) - What is open marriage? With changing times, the ways of loving and maintaining relationships are changing. While some people want to spend their entire life with the same partner, some people like more than one romantic relationship in their life. On the same lines, open marriage (open marriage concept) is becoming the choice of many couples these days. This is a marriage in which people can form a relationship with another person outside their marriage with the consent of their partner. In this type of marriage, a person can have romantic and/or sexual relations with other people along with their partner. Difference between open marriage and polyamory-Open marriage is usually a relationship that involves more than one partner, but it is different from polygamy. Polyamory involves being in a romantic relationship with multiple people. In this type of relationship, love or emotional feelings are given more importance and physical relationship comes later. On the other hand, open marriage usually means that a person can have a physical relationship with another person outside their marriage with or without emotional attachment in the relationship. Is open marriage for everyone?-Like a normal marriage, open marriage can also be healthy, but it has its own advantages and disadvantages. It is different for each individual. It is always advisable to understand completely about open marriage before deciding to enter into this relationship. Examine its advantages and disadvantages closely, as it is considered against the traditional norms of society. It is also advisable to seek the help of experts to understand your own ability for this type of relationship. Are open marriages in vogue in India? -The number of Indians opting for open marriage, especially in cities, is staggering. But the number of those making it public is very low. You will be surprised to know that about 3 million i.e. 30 lakh Indians are currently active on the Gleeden app. This is a French extra marital dating app, where married people are trying to find a satisfying relationship or a new partner without lying. At the same time, according to a survey by Bumble in the year 2023, about 60% of single Indians said that relationships like open marriage or polyamory could be their choice in the future.

# Never accepting mistakes and underestimating others is the identity of a Self-Centered person, stay away as soon as you see them

There are many types of people around us who have their own nature and qualities. Some people are very polite and good at heart. At the same time, there are some who do not give importance to others before themselves. Such people always think about themselves and give importance to themselves. In such a situation, they are called Self-Centred people. There are many types of people around us. However, many of them are also self-centered people. You



can identify such people by some symptoms. Human being is a social animal, who changes himself and develops his personality by living among society and people. There are many types of people around us, who have their own different nature and qualities. However, there are many people whose world revolves only around them. They like to see and hear the world according to themselves. For such people, no one else's opinion or thoughts matter. It can be a little difficult to live with such a person, because neither they can ever understand you nor you can ever understand them. In such a situation, they are called self-centered and give importance only to themselves. Therefore, it is better to keep distance from such people, so that you do not have any kind of problem. For this, it is very important to identify such people. Let us tell you how to identify a self-centered person. Let us know what are the signs of being a self-centered person- These signs are seen in a self-centered person- They want to dominate all conversations. They want that only talks should be about them, their achievements should be discussed and only their thoughts should be heard and understood. Talking to such a person makes one feel a little uncomfortable. They want to do all the work according to themselves. If there are any special rules to do any work, then these do not matter to them. They like to do things according to themselves. They have very little sense of kindness and compassion. The feeling of compassion for someone comes when you think from their place and then do something. But self-centered people do not like to see anything from the point of view of others and only impose their views on others. They want to quickly get rid of their responsibility by putting the crown of their failures on someone else. They run away from taking responsibility for any mistake and try to prove themselves right by shouting when accused of a mistake. They do not miss any opportunity to find faults in others and criticize them. In this way, they are expert in hiding their own mistakes and exposing the mistakes of others.

# How long should one sit in the sun to overcome the deficiency of Vitamin D? Know the correct answer to this question here

Vitamin D is a very important vitamin for health. Its deficiency can wreak havoc on your health. Therefore, it is important that you avoid its deficiency. The best source of Vitamin D is sunlight. Therefore, sitting in the sun for some time every day can be a good way to avoid vitamin D deficiency. Let us know how long should one sit in the sun to overcome the deficiency of Vitamin D. Bones start weakening due to vitamin D deficiency. Its deficiency can cause other health related problems. Water is the best natural source of Vitamin D. Vitamin D, often called 'sun vitamin' or 'sunshine vitamin', is very important for our body. It is necessary for strengthening bones, boosting immunity and many other physical functions. Sunlight is the best natural source of vitamin D (Sunlight For Vitamin D), but the question arises that how long should we sit in the sun to overcome the deficiency of vitamin D (best time for sun exposure)? Let's know the answer to this question. Why is vitamin D important? Bone health- Vitamin D helps in absorbing calcium, which strengthens bones and teeth. Its deficiency can cause diseases like osteoporosis.

Immune system- Vitamin D protects us from infection by strengthening the immune system. Mental health- Vitamin D deficiency can cause problems like depression and mood swings. Heart health- Vitamin D can help control blood pressure and reduce the risk of heart attack. Thyroid health- Due to vitamin D deficiency, the thyroid gland is unable to function properly and thyroid disorders can occur. Sunlight is important for vitamin DWhen our skin comes in contact with the ultraviolet rays of the sun, the body starts converting cholesterol into vitamin D. This vitamin D then gets activated in the liver and kidneys. How long should one sit in the sun? There is no single answer to this question, because the production of vitamin D depends on many factors, such as:

Skin color - People with dark skin need to stay in the sun for a longer time to make vitamin D. Place - People living near the equator need less time to get vitamin D. Season - In winters, the sun rays are crooked, so the production of vitamin D is less. Age - With increasing age, the production of vitamin D decreases. In general, healthy adults should sit in the sun for 10-30 minutes a few days a week before 10 am. Sunscreen blocks UVB rays, which are necessary for the production of vitamin D, so avoid applying sunscreen before being in the sun. However, after this, apply sunscreen and leave the house to avoid sunburn. Other sources of vitamin D Diet- Vitamin D is found in food items like fish (especially fatty fish), eggs, mushrooms and milk. Supplements- If you are not able to get the right amount of vitamin D, you can take supplements on the advice of a doctor. Symptoms of vitamin D deficiency Fatigue Bone pain Muscle weakness Depression Delayed wound healing Sunlight is the best source of vitamin D, but it is important to keep in mind that staying in the sun for a long time can increase the risk of skin cancer. Therefore, to get vitamin D, one should sit in the sun for a short time only. If you feel that you have a vitamin D deficiency, consult your doctor.

# 'One has to keep a stone on the heart,' wife Sunita reacts to Govinda's affair link-up, now this fear haunts him

Veteran actor Govinda is certainly not seen in films at this time, but he remains in the news for his personal life and wife Sunita Ahuja. Govinda's life has been no less than a film story. In the past, his name was linked with many actresses, now Sunita has spoken openly on this matter. Actor Govinda's wife is Sunita Ahuja. The actor was in the news in the past for his affair- Sunita said this big thing about Govinda. If we talk about the veteran actors of the 90s, then Govinda's name is definitely included in it. His real life has been no less than a film story. Even after marrying wife Sunita Ahuja, his name was linked with many beauties in the past. But Sunita supported her husband by performing her wifely duty. Now Sunita has again spoken openly on this matter and told how she felt at that time. Apart from this, what is the fear that haunts her about Govinda in the present time. What did Sunita say about Govinda - This is not the first time that Sunita Ahuja has given her reaction on Govinda's past affair. Recently, in an interview given to Hindustan Times, Sunita has once again broken the silence on the questions asked on this matter and said - I had to keep a stone on my heart, when the news of his affair link up came out. Sometimes his name would be linked with someone and sometimes with someone else. At that time he was active in acting and used to be busy shooting many films in a day. So he did not have time to believe that he was having an affair somewhere. Now he is 60 years old and is away from acting, he remains free at home. So now I am afraid that some link-up may start again. Because at this age people's mind starts spinning. In this way Sunita Ahuja has given her opinion about her husband and superstar Govinda. Govinda and Sunita have been married for almost 38 years. Both have played this innings of their married life very happily. Sunita will start this work with her daughter - Like Govinda, his daughter Tina Ahuja has also tried her luck in the film world. During this interview, Sunita has revealed that soon she is going to start a podcast with her daughter Tina, for which both mother and daughter are currently busy preparing. Apart from this, Govinda's son Yashvardhan Ahuja is also going to be seen debuting in the acting world very soon.



# Archana Puran Singh injured on the set, wrist injury; seeing the condition, the younger son cried

Archana Puran Singh was recently shooting for a project with Rajkumar Rao in Virar, Mumbai. During this, an accident happened in which her wrist got injured. She was taken to Nanavati Max Super Specialty Hospital in Vile Parle, Mumbai where she underwent surgery.



Archana gave this information to the fans through social media. Archana Puran Singh was shooting in Virar, Mumbai where the actress became a victim of an accident. Archana Puran Singh has injured her wrist after which she was admitted to Nanavati Max Hospital in Mumbai. She has undergone wrist surgery. Archana's wrist bone is broken in which a plaster has been put on it after inserting a wire. There are also mild injury marks on her face. The crew immediately rushed Archana to the hospital-After being admitted to the hospital, Archana's son Ayushmann Sethi informed his brother Aryaman Sethi about her surgery. Aryaman is Archana's younger son and after knowing about his mother, he got worried about her health and started crying. Archana has also shared a small clip of this on her Instagram. The vlog starts with Archana falling and getting injured around 5:00 am, her screams are heard. After this, her crew immediately goes forward to help her. After taking her to the hospital, her husband Parmeet Sethi is informed about this. Will Archana return to shooting soon? - Archana told that she called Rajkumar and told him that she felt very bad that she had to leave the shoot in the middle. Archana said that she has talked to the makers about this and she can go and complete the shoot. She said that if I do not go, there will be a lot of loss, they are all waiting for me. My character's clothes have full sleeves, something will be arranged by shooting from different angles. Fans prayed for Archana - Let us tell you that it has been two days since Archana got injured. She said that now she is feeling fine. Archana told that her hospital bed was very good and the entire garden was visible outside. Now she is happy that she will be able to go for shooting again. Archana's fans are praying for her speedy recovery.

# 'A tortoise does not become a cheetah by naming it speed', Badass Ravikumar becomes the new dialogue king, theatres will go up in smoke

Himesh Reshammiya is already famous in the music industry for singing in a different style, but now he is going to replace many actors as Badass Ravikumar. The living proof of this is the new promo dialogue of his upcoming film, in which his style is already making fans crazy. As soon as it came, this new promo has got so many views on YouTube. Himesh Reshammiya became famous as Badass Ravi Kumar Fans went crazy after watching the new dialogue promo Got so many views on social media in a short time Himesh Reshammiya, who has created a different identity with his unique voice in the world of singing, is once again ready to show his acting talent on the big screen. He entered the world of acting in the year 2007 with the film 'Aapka Suroor', for which he also got a nomination for Best Male Debut. After Aapka Suroor, Himesh came up with many films, but no one knew when they were released and when they were removed from the theatres. However, now after a break of five years, Himesh Reshammiya is returning as 'BadAss Ravikumar'. His film will hit the theatres soon. This film has created a stir even before its release. When the trailer of the movie came, the audience was surprised to hear Himesh's completely different look and powerful dialogues. Now, amid the restlessness of the audience, the makers have released a new promo of Himesh Reshammiya's film 'BadAss Ravikumar', which has created a stir on YouTube in just a few hours. You will start whistling after watching the dialogue promo of BadAss Ravikumar The makers of Himesh Reshammiya's upcoming film have shared a new dialogue promo of 'BadAss Ravikumar' a few hours ago, after listening to which you will definitely forget your favourite dialogues from Bhaijaan Salman Khan to Akshay Kumar. He has spoken many whistling dialogues like 'Bhagwan tum ho nahi sakte, insaan tum ho nahi aur shaitan se main nahi darta' to 'Naam raftaar rakhe lene kachhua cheeta nahi ban jaata'. 5 hours ago, Himesh Reshammiya has shared the dialogues promo on his Youtube account, which has received more than 25 lakh 48 thousand views so far and fans are continuously showering love on this second promo. The USP of this film of Himesh Reshammiya is the excellent dialogues of the movie. When will Badass Ravikumar be released in theaters? After watching this new promo, a user wrote on social media, "Sudhar ja warna gujar jaayega... baap ka baap hai". Another user wrote, "Now no one can leave Ravikumar behind in terms of dialogues". Another user wrote, "Lord Himesh Reshammiya.. created hype for the film, now will have to watch the first day first show". Badass Ravikumar is releasing in theaters on 7 February 2025. The movie is directed by Keith Gomez. The powerful dialogues of the movie have been written by Bunty Rathore. Before this new promo, Himesh Reshammiya's 'Tandoori Days' song with Sunny Leone was released, which got a very good response from the fans.

